माघ शुक्ल पक्ष-8, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07 , अंक - 272 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
17 मार्च 2024
रविवार

बेबाक खबर हर दोपहर
दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
32 अधिकतम
18 न्यूनतम

Page- 7

लोकसभा के लिए जंग के ऐलान के बाद आज पहला सियासी संडे

एनडीए की पहली रैली में मोदी-नायडू मुंबई में राहुल संग इंडिया गठबंधन

मुंबई/ हैदराबाद, एजेंसी।

देश के आम चुनाव की तारीखों का एलान करने के बाद अब राजनीतिक दलों की गतिविधियों में तेजी का आज पहला दिन है और आज ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आंध्रप्रदेश के पलनाडु में एक रैली कर रहे हैं। यह रैली एनडीए के बैनर तले है और खास यह कि पिछले 10 वर्षों में आंध्र प्रदेश में एनडीए पहली संयुक्त रैली होगी। इसमें चंद्रबाबू नायडू की भी भागीदारी है,जिनकी पार्टी से हाल में भाजपा का गठबंधन हुआ है। उधर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की न्याय यात्रा आज मुंबई में समाप्त हो रही है। इस मौके पर गठबंधन के कई नेता भी मौजूद हैं।यह अपने शेड्यूल ने तीन दिन पहले पूरी हो गई है। यात्रा में आज प्रियंका गांधी ने भी राहुल के साथ कदमताल किया।

आंध्रप्रदेश में लोकसभा के साथ ही विधानसभा चुनाव भी हो रहे हैं,इस लिहाज से एनडीए की यह रैली काफी महत्वपूर्ण है। रैली में पीएम मोदी के साथ ही एनडीए में शामिल टीडीपी के चीफ चंद्रबाबू नायडू और जन सेना पार्टी के चीफ पवन कल्याण भी शामिल रहेंगे और पीएम मोदी के साथ मंच साझा करेंगे। रैली शाम को पलनाडु जिले में आयोजित है। आंध्र प्रदेश में 13 मई को एक चरण में लोकसभा और सभी विधानसभा सीटों के लिए चुनाव हैं।

फाइल फोटो

कांग्रेस नहीं होती तो.. यह बात भाजपा नहीं समझेगी: बोले राऊत

शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कहा है कि 'अगर कांग्रेस नहीं होती तो देश को आजादी नहीं मिली होती। देश के पास नेतृत्व नहीं होता और हमने विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में इतनी तरक्की भी नहीं हुई होती। कई ऐसी चीजें हैं, जिन्हें भाजपा कभी नहीं समझेगी क्योंकि वे देश के लिए नहीं सोचते। वे सिर्फ कारोबारियों के बारे में सोचते हैं।'

मुंबई में आज इंडिया दिखा रहा ताकत

कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन की आज मुंबई में बड़ी रैली आयोजित हो रही है। यह रैली मुंबई के शिवाजी पार्क मैदान में होगी, जिसमें विपक्षी गठबंधन के कई शीर्ष नेता भी शामिल होंगे। इनमें डीएमके चीफ एमके स्टालिन, उद्धव ठाकरे, शरद पवार, तेजस्वी यादव और अखिलेश यादव जैसे शीर्ष नेता भी शामिल हो सकते हैं। इनके अलावा आप नेता सौरभ भारद्वाज, नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता फारुख अब्दुल्ला, सीपीआई के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, झारखंड सीएम चंपई सोरेन और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन भी रैली में आ रही हैं। इससे पहले आज सुबह कांग्रेस नेता राहुल गांधी मुंबई में मणि भवन से अगस्त क्रांति मैदान तक न्याय संकल्प पदयात्रा पर निकले तो उनकी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा भी साथ चलीं। राहुल ने प्रियंका के साथ गांधी संग्रहालय 'मणि भवन' में महात्मा गांधी की स्मृतियों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि हम बापू के दिखाए मार्ग पर चलकर देश में प्रेम, भाईचारा, सद्भावना और न्याय की स्थापना करेंगे। आज 90 प्रतिशत आबादी अन्याय के कारण पीड़ित है। चंद अरबपतियों का लाखों-करोड़ों का कर्ज माफ हो जाता है, लेकिन किसानों का एक रुपया माफ नहीं होता। उन्होंने कहा, हिंदुस्तान पहला देश है, जिसने आजादी की लड़ाई भी मोहब्बत के साथ लड़ी।

राहुल की यात्रा का समापन

मोहन यादव चुनावी रणनीति में व्यस्त

इधर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आज दिनभर अपना दिन आरक्षित रखा है। उन्होंने आज सुबह कुछ मुलाकातें की हैं। माना जा रहा है कि इसके बाद वे भाजपा की मप्र में चुनाव तैयारियों को लेकर संगठन के कुछ नेताओं के साथ चर्चा कर रहे हैं। भाजपा मप्र में अपने सभी उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। इस बार यादव व वीडी शर्मा ही मप्र में भाजपा के चुनाव अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं। पिछले चुनाव तक शिवराज-वीडी चुनाव की कमान संभालते थे।

ईवीएम पर भारत में घमासान, पाक में इसे याद कर रहे इमरान

इस्लामाबाद , एजेंसी।

'चुनावों में गड़बड़ी न होती अगर पाकिस्तान में होतीं ईवीएम'

भारत में चुनाव ऐलान के पहले से ही ईवीएम को लेकर सभी विपक्षी पार्टियां शंका जता रही है। वहीं पड़ोसी देश पाकिस्तान के जेल में बंद पूर्व पीएम इमरान खान को ईवीएम की कमी सता रही है। हालांकि पाकिस्तान में आम चुनाव के नतीजे आए काफी समय हो चुका है। मगर देश की घरेलू के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पाकिस्तान की चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठे हैं। मुख्य विपक्षी दल पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने तो चुनाव आयोग को ही घेरते हुए कहा कि चुनाव की पूरी प्रक्रिया ही भ्रष्ट थी। अब पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने भी इस मुद्दे को उठाया है। जेल में बंद इमरान ने कहा है कि अगर पाकिस्तान में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) होतीं तो चुनाव में ऐसा भ्रष्टाचार न हो पाता। एक पत्रकार से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा, 'अगर आज ईवीएम होतीं तो एक घंटे के अंदर मतदान में गड़बड़ियों के सारे मुद्दे सुलझा लिए जाते।' इमरान ने कहा कि पाकिस्तान के चुनाव आयोग, कुछ राजनीतिक दलों और %संस्थान% ने देश में ईवीएम लाने की योजना को बर्बाद कर दिया।

रिपोर्टर्स से बातचीत के दौरान इमरान ने कहा कि आम चुनाव में जनता के जनादेश को चुराने वालों पर देशद्रोह के तहत कार्यवाही होनी चाहिए। इमरान ने अमेरिका में आईएमएफ के दफ्तर के बाहर हुए प्रदर्शनों का समर्थन किया। हालांकि, उन्होंने इसमें पाकिस्तानी सेना के विरोध में लगे नारेबाजी से खुद को दूर कर लिया।

गुजरात में आया भूकंप

नई दिल्ली , एजेंसी।

गुजरात के कच्छ में शनिवार देर रात भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। इंस्टीट्यूट ऑफ सीस्मोलॉजिकल रिसर्च (आईएसआर) के मुताबिक, इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.3 दर्ज हुई है। भूकंप के झटके रात को करीब 12.12 मिनट पर आए। इनका केंद्र खावड़ा के पूर्व-दक्षिण में 22 किमी दूर रहा। अधिकारियों का कहना है कि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। गौरतलब है कि इसी महीने कच्छ में तीन भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। इससे पहले पांच मार्च को 3.2 और 11 मार्च को 3.5 तीव्रता के भूकंप रिकॉर्ड किए जा चुके हैं।

आज का कार्टून


CAA लागू
मैं यही सोचकर आपके पाले में आ गया कि जो नागरिकता दे रहे हैं वे सदस्यता भी दे ही देंगे!

सिध्दू इज़ बैक... मां ने दिया बेटे को जन्म

चंडीगढ एजेंसी। गोलीकांड में मारे गये मशहूर पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला के घर किलकारी गूंजी है, उनकी मां चरणकौर ने बेटे को जन्म दिया है। सिद्धू के पिता बलकौर सिंह ने आज बच्चे का चेहरा दिखाते हुए ये खुशखबरी दुनिया से शेयर की। सोशल मीडिया पर उनकी पोस्ट पर बधाइयों का तांता लग गया। लोगों ने कहना शुरू कर दिया है- सिद्धू इज बैक। दिवंगत सिद्धू अपने माता-पिता की इकलौती संतान थे। संतान के लिए बेचैन इस परिवार ने आईवीएफ तकनीक का सहारा लिया और पिछले 9 महीने के जतन के बाद अधेड़ उम्र में घर के चिराग को जन्म दिया। कहा जाता है कि सिध्दू अपने पीछे भारी दौलत भी छोड़ गये हैं, अब उनकी संपत्ति का भी वारिस मिल गया है।

मेट्रो एंकर विश्व कप फाइनल में हार पर पूर्व क्रिकेटर कैफ हुए मुखर...

सनसनीखेज खुलासा: पिच से छेड़छाड़ द्रविड व रोहित को ठहराया जिम्मेदार!

नई दिल्ली , एजेंसी।

ऑस्ट्रेलिया ने पिछले साल आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल में मिली दिल तोड़ने वाली हार को भारतीय अब तक नहीं भूले हैं। वहीं अब टीम इंडिया के पूर्व बल्लेबाज मोहम्मद कैफ ने वर्ल्ड कप फाइनल के उस मैच को लेकर कुछ सनसनीखेज खुलासे किए हैं। उस मैच में भारत 6 विकेट से पराजित हुआ था। भारत का तीसरी बार खिताब जीतने का सपना टूट गया था। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए उस फाइनल में भारतीय बल्लेबाज स्लो पिच पर जूझते दिखे थे। नतीजतन भारतीय टीम 240 रन ही बना पाई थी. फिर ऑस्ट्रेलिया ने 241 रनों के टारगेट को 42 गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया था। ऑस्ट्रेलियाई टीम की जीत के हीरो ट्रेविस हेड रहे थे, जिन्होंने 137 रनों की धमाकेदार पारी खेली।

कैफ ने दावा किया है कि विश्व कप फाइनल की पिच को घरेलू टीम के अनुकूल बनाने के लिए उसे क्यूरेटर द्वारा छेड़छाड़ की गई थी। हेड कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान रोहित पिच का मुआयना करने लगातार तीन दिन गए उन्होंने पिच का रंग बदले देखा। कैफ ने एक तरह से राहुल द्रविड़ और रोहित पर भी हार का ठीकरा फोड़ा है। उन्होंने यह बात लल्लनटॉप को दिए इंटरव्यू में कही कि 'मैं वहां तीन दिन था। रोहित और राहुल दोनों शाम को आए। पिच पर गए, घूमे, देखा कैसी पिच है।यह लगातार 3 दिन हुआ, मैंने पिच का रंग बदलते देखा है। चूंकि कमिंस व स्टार्क के पास तेज गेंदबाजी है तो इनको स्लो पिच ना दो और वहां गलती हुई।'

'जब आप पिच के चारों ओर घूम रहे थे...'

कैफ कहते हैं, 'ऐसा लग रहा था कि ऑस्ट्रेलिया के पास पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क हैं, इसलिए भारत धीमी पिच देना चाहता था। कई लोग कहते हैं कि क्यूरेटर अपना काम करते हैं और हम प्रभावित नहीं करते हैं- यह बकवास है। जब आप पिच के चारों ओर घूम रहे हैं तो आपको केवल दो लाइन कहनी होती है,'कृपया पानी न डालें, बस घास कम करें। ऐसा होता है। यह सच है और यह किया जाना चाहिए। **आईसीसी सलाहकार की नजर:** आईसीसी इवेंट्स में पिच की तैयारियों की देखरेख आमतौर पर आईसीसी के सलाहकार एंडी द्वारा की जाती है, जो मेजबान क्रिकेट बोर्ड साथ मिलकर यह निर्धारित करते हैं कि प्रत्येक खेल के लिए स्क्वायर पर कौन सी स्ट्रिप्स का उपयोग किया जाएगा. आईसीसी के नियम में कहा गया है कि यह कोई जरूरी नहीं है कि नॉकआउट मैच फ्रेश पिच पर खेले जाएं. वैसे आईसीसी ये अपेक्षा जरूर रखती है कि जिन मैदानों को नॉकआउट मैचों की मेजबानी सौंपी गई हो, वे उस मैच के लिए सर्वोत्तम पिच और आउटफील्ड प्रदान करेंगे।

एलआईसी पॉलिसीधारक कृपया ध्यान दें
आपकी पॉलिसी की राशि को आपका इंतज़ार हो सकता है
कहिए 'Hi'
LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ

आपकी पॉलिसी की राशि पाने के दो चरण*:
1. अपने बैंक खाते की जानकारी अपडेट करें
2. अपना केवाईसी सबमिट करें
हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090
कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827
विज़िट करें: licindia.in
*इसे ऑनलाइन भी किया जा सकता है, शर्तें लागू
अधिक जानकारी के लिए, अपने बीमा एजेन्ट/निकटतम एलआईसी शाखा से संपर्क करें या अपने शहर का नाम 56767474 पर एसएमएस करें
हमें यहाँ फॉलो करें: LIC India Forever | IRDAI Regn No.: 512
नकली फोन कॉल्स और झूठे/धोखाधड़ी पूर्ण ऑफर्स से सावधान रहें. आईआरडीएआई जीवन बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस घोषित करने या प्रीमियम के निवेश जैसी गतिविधियों में संलग्न नहीं है. ऐसे फोन कॉल प्राप्त करने वाले व्यक्तियों से अनुरोध है कि वे पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करवाएं. बिक्री समापन से पूर्व अधिक जानकारी या जोखिम घटकों, नियम और शर्तों के लिए बिक्री पुस्तिका को ध्यानपूर्वक पढ़ें.
LIC/B1/2023-24/14/HIN

महिलाएं हुईं सम्मानित

वेस्ट सेंट्रल एंप्लॉयज यूनियन ने हबीबगंज स्थित कम्युनिटी हॉल में महिलाओं को सम्मानित किया। जिसमे मुख्य अथिति जोनल अध्यक्ष टीके गौतम एवम वूमेन वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्ष गुंजन त्रिपाठी, एडीआरएम रश्मि दिवाकर ने महिलाओं को सम्मानित किया। यूनियन की C RW S शाखाने भी महिलाओं का सम्मान किया। खास बात यह है कि भोपाल मंडल के बीना, गुना ,इटारसी ,हरदा एवम अन्य स्थानों पर भी महिलाओं को सशक्त करने हेतु यूनियन द्वारा कई कार्यक्रम किए गए।

ट्रॉफी प्रतियोगिता का शुभारंभ

भोपाल। पुराना सुभाष नगर खेल मैदान पर राज्य स्तरीय डायरेक्ट वॉलीबॉल खेल मंत्री विश्वास सारंग ट्रॉफी प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। आयोजन समिति के आरएस भार्गव के मुताबिक इसे खेल स्पर्धा में अलग अलग शहरों की दो दर्जन टीमें हिस्सा ले रही हैं। यह आयोजन पूरे सप्ताह चलेगा। पहले दिन अतिथियों ने खिलाडियों का परिचय प्राप्त किया।

शहर से 1000 से अधिक फ्लैक्स, बैनर, झंडे, पोस्टर, बोर्ड हटाने की कार्रवाई की

सियासी व सरकारी होर्डिंग-पोस्टरों को रातभर निकालता रहा निगम

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

कल शाम लोकसभा चुनाव का ऐलान होते ही आचार संहिता लग गई है। इसके लागू होते ही भोपाल नगर निगम द्वारा संपत्ति विरूपण की कार्रवाई शुरू कर दी है। बीती देर रात तक निगम अमला विभिन्न स्थानों पर लगे राजनीतिक दलों तथा सरकार की विभिन्न योजना वाले होर्डिंग पोस्टर की टोह लेता रहा और इन्हें निकालकर अपनी गाडियों में डालता रहा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने आदेश भी जारी किया कि कोई भी व्यक्ति बिना अनुमति के किसी भी संपत्ति पर स्याही, खड़िया, रंग या किसी अन्य पदार्थ से लेखन एवं चिह्नित विरूपित नहीं करेगा। यदि ऐसा करता है तो उसके खिलाफ दंडात्मक एवं एक हजार से अधिक के जुर्माना की कार्रवाई की जाएगी।

इसी आदेश का पालन करते हुए शहर के विभिन्न क्षेत्रों से निगम अमले ने लगभग एक हजार से अधिक फ्लैक्स, बैनर, झंडे, पोस्टर, बोर्ड आदि हटाने की कार्रवाई की है और यह आज भी जारी है। जानकारी के अनुसार आचार संहिता के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए 21 जोन के सभी 85 वार्ड क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थलों, शासकीय भवनों आदि पर लगाई गई विभिन्न प्रकार की सामग्री को हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। यह कार्रवाई नगर निगम आयुक्त हरेंद्र नारायण के निर्देशन में की जा रही है। उन्होंने बताया कि अब तक निगम के संपत्ति विरूपण दलों ने निगम सीमा क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए लगभग एक हजार 180 फ्लैक्स,बैनर, झंडे, पोस्टर, पंपलेट तथा अन्य प्रकार की सामग्री हटाने की कार्रवाई की है।नगर निगम द्वारा यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

पांच दलों का गठन भी किया

लोकसभा चुनाव प्रक्रिया के दौरान विभिन्न राजनीतिक दल, चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थी या विज्ञापन कंपनियों द्वारा किसी भी शासकीय, अशासकीय संपत्ति को संबंधित विभाग या भवन स्वामी की बिना अनुमति के विरूपित किया जाता है तो इसकी शिकायत थाने में की जा सकती है। इसके अलावा शहरी क्षेत्र और ग्रामीण क्षेत्र में कार्रवाई करने के लिए पांच दलों का गठन भी किया गया है।

'फेयर एंड रिस्पांसिबल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस फॉर कंज्यूमर' की जरूरत

भोपाल विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर प्रदेश के अग्रणी उपभोक्ता संगठन आशा स्मिता फाउंडेशन की प्रमुख स्मिता सक्सेना ने बताया कि इस वर्ष उपभोक्ता विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस की थीम है 'फेयर एंड रिस्पांसिबल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस फॉर कंज्यूमर' आज के वर्तमान समय में जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की सफलताओं ने डिजिटल दुनिया में धूम मचा रखी है तथा यह उपभोक्ताओं को प्राप्त सुरक्षा का अधिकार, सूचित किए जाने का अधिकार, चुनने का अधिकार, सुनवाई का अधिकार, समस्या के समाधान का अधिकार एवं उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार प्राप्त करने में बहुत उपयोगी सिद्ध हो सकता है। इस अवसर पर खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संरक्षण विभाग के द्वारा मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के नेतृत्व में

कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर (मिंटो हॉल) में आयोजित शासकीय कार्यक्रम में उपभोक्ता संगठन आशा स्मिता फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने परियोजना संचालक संजीव राय के नेतृत्व में भाग लिया।

राजधानी में चार दिन सरकारी कर्मचारियों को 'अतिरिक्त अवकाश'

भोपाल। राज्य शासन ने वर्ष 2024 में भोपाल स्थित सभी शासकीय कार्यालयों एवं संस्थाओं के लिए 04 स्थानीय अवकाशों की घोषणा की है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के मुताबिक इस साल अनंत चतुर्दशी पर्व के मौके पर बुधवार 17 सितंबर को भोपाल में स्थानीय अवकाश रहेगा। अनंत चतुर्दशी को दसदिवसी गणेशोत्सव का समापन होता है, नगर में भव्य चल समारोह निकलते हैं और गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन होता है। अक्टूबर में दशहरा (12 अक्टूबर) से एक दिन पहले महाअष्टमी/महानवमी के अवसर पर 11 अक्टूबर शुक्रवार को भी अवकाश रहेगा। वहीं दीपावली (31 अक्टूबर) के अगले दिन 01 नवंबर शुक्रवार को भी भोपाल में स्थानीय अवकाश रहेगा। यानी दशहरा और दीपावली पर भोपाल में लगातार दो दिन शासकीय कार्यालय व संस्थाएं बंद रहेंगी। इसके अलावा गैस त्रासदी स्मृति दिवस (केवल भोपाल शहर के लिए) मंगलवार 03 दिसंबर को भी हर साल की तरह इस साल भी स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है।

पालकों से किया बच्चों को लेकर संवाद, जानकारी दी

विद्यासागर में 'पेरेंट्स इंटरेक्शन मीट'

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

विद्यासागर पब्लिक स्कूल,राधीबाई हासोमल ख्यांतानी फाउंडेशन स्कूल एवं अर्जन हाथीरामानी प्ले स्कूल में नये प्रवेश पाने वाले बच्चों के अभिभावकों के लिए 'पेरेंट्स इंटरेक्शन मीट' का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में शहीद हेमू कालानी एजुकेशनल सोसायटी के सचिव ए.सी.साधवानी, विद्यासागर पब्लिक स्कूल के निर्देशक भगवान दामानी, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मिष्ठी वासवानी,अभिभावक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। अभिभावकों तक सिद्धभाऊजी का संदेश पहुंचाया गया। संस्था के सचिव साधवानी ने कहा कि विद्यासागर स्कूल से कक्षा केजी 2 के बाद छात्राओं को नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल में एवं छात्रों को मिट्ठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल में सीधे प्रवेश मिलता है जिसके लिए अभिभावकों को कोई एडमिशन फीस नहीं लगती। निर्देशक भगवान दामानी ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी दिए जाते हैं ताकि वह एक अच्छा नागरिक बने और अपने परिवार व देश का नाम रोशन करे। स्कूल कोआर्डिनेटर दीपा भागवानी स्कूल से संबधित नियमों की जानकारी दी।

आशीर्वाद समारोह 'विजयी भव'

कला लक्ष्मनदास वेंसीमल गनवानी फाउंडेशन स्कूल एवं केवलराम चैनराय पब्लिक स्कूल, करोंद आठवीं के विद्यार्थियों के लिए आशीर्वाद समारोह आयोजित किया गया 7 कार्यक्रम में सातवीं के छात्रों द्वारा नृत्य, संगीत प्रस्तुत किए गए। आठवीं के छात्रों ने कुर्सी रेस,पहेलियाँ बूझो खेल में हिस्सा लिया। संस्था के घनश्याम बूलचंदानी ने सफलता का आशीर्वाद दिया।

अंधत्व का प्रमुख कारण बन रहा है ग्लूकोमा: पटेल

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

सेवासदन नेत्र चिकित्सालय द्वारा ग्लूकोमा सप्ताह के समापन पर लालघाटी चौराहे पर ग्लूकोमा जागरूकता रैली और कैंडिल मार्च निकाला। रैली में सेवा सदन के कर्मचारियों, डॉक्टर्स, ऑप्टोमेट्रिस्ट के अलावा अनेक गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

सेवा सदन के कर्मचारियों ने रैली में ग्लूकोमा भगाना है-सेवा सदन जाना है÷ के नारे लगाए तथा मोमबत्तियां जलाकर और कतारबद्ध होकर रैली निकाली। इस अवसर पर सेवा सदन के ट्रस्टी तुलसी आडवानी, ग्लूकोमा विशेषज्ञ डॉ. समता पटेल और डॉ. सपना प्रशान्त श्रीवास्तव, वरिष्ठ प्रबंधक द्वय कुशल धर्मानी, भारती जनियानी, अनुशा तिवारी डॉ. नेहा, डॉ. संजीती और डॉ. प्रीति के अलावा अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

डॉ. समता पटेल ने कहा कि ग्लूकोमा रोग दृष्टि का सायलेंट किलर है। इसे काला मोतिया भी कहा जाता है। वर्तमान में काला मोतिया अंधत्व का प्रमुख कारण बन रहा है। ग्लूकोमा में आंख की वह नस जो मस्तिष्क से जुड़ी होती है उससे धीरे धीरे दृष्टि बाधित होने लगती है और आंख का दबाव बढ़ जाता है। इस कारण पीड़ित व्यक्ति को आंख में तेज दर्द होता है और आंख लाल हो जाती है। ऐसे लक्षण होने पर रोगी को समय गवाएं बगैर ग्लूकोमा विशेषज्ञ से आंख की जांच और उपचार करवाना चाहिये। डायबिटीज के रोगियों को एक निश्चित अंतराल के बाद नियमित रूप से अपनी आंखों की जांच करवानी चाहिये। जिनके परिवार में पहले से ही ग्लूकोमा की हिस्ट्री है, ऐसे लोगों को ज्यादा सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

अंतराष्ट्रीय महिला दिवस : संगोष्ठी कार्यक्रम का किया जाएगा आयोजन

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

सिंधी महिला पंचायत ने अंतराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया। मुख्य अतिथि यास्मीन कौसर और ताराना आसवानी थीं। विभिन्न विषयों पर संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। कमल भंडारी पूर्व डिस्ट्रिक गवर्नर ने टाइम मैनेजमेंट पर, लायन स्वाति जैन ने देहदान पर, द्रोपदी धनवानी ने अध्ययन और प्रियम्वदा सिंह एस आई ऊर्जा डेस्क प्रभारी ने महिला सुरक्षा अपने विचार रखे। कार्यक्रम में पांच स्वयंसिद्धा का भी शॉल श्री फल से सम्मान किया गया। मुकेशजी कथा वाचक, हीरो इसरानी जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय सिंधी मंच, सीमा लालवानी समाजसेविका, नवीन भोजवानी समाजसेवी और लेखिका व गायिका सीमा शिवेन्द्र का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संत जी एवं झूलेलाल भगवान जी के चित्रो पर मालार्पण से हुई। पंचायत अध्यक्ष किरण वाधवानी ने स्वागत भाषण दिया। महासचिव मधु लालवानी ने पंचायत के कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम में 2 लक्की ड्रा, पांच जनरल नॉलेज व अन्य अवार्ड दिए गए। कार्यक्रम में चन्द्र प्रकाश इसरानी, दिनेश वाधवानी, इंद्र आडवानी, योगिता वाधवानी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में फूलों की होली भी खेली गयी।

मेट्रो एंकर

सिंधी भगत पर थिरका सिंधी समाज

राजावीर विक्रमादित्य महोत्सव शुरू

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

राजधानी समेत संतनगर में सिंधी समाज राजावीर विक्रमादित महोत्सव मना रहा है। संतनगर में शुक्रवार शाम सिंधी संगीत कार्यक्रम के साथ महोत्सव की शुरूआत हुई, लेकिन विधिवत शुभारंभ शनिवार को वेदांत विचारक लालसाईजी, विधायक रामेश्वर शर्मा, एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी एवं आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बहिराणा साहिब के जोत प्रज्वल के साथ की।

लालसाई ने कहा, राजावीर विक्रमादित्य ने शासक होते हुए धर्म की स्थापना की। उनका जीवन एक शासक को कैसा होना चाहिए, इसकी मिसाल है। धर्म की रक्षा और उसकी पताका लेकर चलाना शासक का धर्म होता है। महोत्सव जहां उत्सव के पल वाला है, वहीं हमे धर्म की राह पर चलने की सीख देने वाला है। विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा इस तरह के आयोजन महापुरूषों के साथ सिंधी संस्कृति कला और संस्कृति के लिए लिए समाज की ड्यूटी है। आयोजक बधाई के पात्र हैं, जो हर साल महोत्सव में सिंधी भगत संगीत का आयोजन भी करते हैं।

महोत्सव में सिंधी भक्ति संगीत की शाम साधु वासवानी स्कूल में आयोजित की गई, संजू व बलराम एवं रमेश एण्ड पार्टी ने सिंधी गीतों की प्रस्तुति दी। हास्य कलाकार परमानंद प्यासी गुजरात भी महोत्सव का हिस्सा बने। सिंधी समाज ने राजा वीर विक्रमादित्य की सुरों से नाचते हुए साधना की।

इस अवसर पर पूज्य सिंधी पंचायत के साबू रीझवानी, आयोजन समिति के प्रमुख किशोर तेजवानी, चन्द्र प्रकाश इसरानी, थोक वस्त्र व्यवसाय संघ के अध्यक्ष कन्हैयालाल इसरानी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राम बंसल, महेश खटवानी, कांग्रेस नेता घनश्याम लालवानी, भाजपा नेता कैलाश मिश्रा व समाज के विशिष्ठजन मौजूद थे।

इसरानी मार्केट में शुरू हुआ दो दिवसीय

इसरानी मार्केट हमीदिया रोड पर 74 साल से मनाए जा रहे राजवीर विक्रमादित्य महोत्सव का सिलसिला जारी रहा। शनिवार को मेले का शुभारंभ साई लकी गिरी गोस्वामी ने किया। भगत कमल ग्वालियर वालों ने भजन की प्रस्तुति दी। साई गिरीश लाल ठाकुर उल्लास नगर के शिष्यों ने बहिराणा साहिब की प्रस्तुति दी। राजावीर मंदिर समिति के अध्यक्ष लखू अंदानी ने बताया किया दो दिवसीय महोत्सव का समापन 17 को भंडारे के साथ होगा।

मप्र में 29 सीटें, चार चरण और दो सियासी मिशन



भोपाल, दोपहर मेट्रो। लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही मप्र में भी चुनाव की सरगर्मी बढ गई है। प्रशासनिक स्तर पर चुनाव की तैयरारियों की कमान अब निर्वाचन आयोग के हाथ में आ गई है। वहीं सियासी दलों के गुणाभाग भी शुरू हो गये हैं। कांग्रेस के बाकी उम्मीदवारों की सूची भी जल्द आने के आसार बन गये हैं। भाजपा अपने सभी उम्मीदवार तय कर चुकी है। सपा मप्र की खजुराहो सीट पर कांग्रेस गठबंधन के साथ चुनाव लड़ रही है। यह सीट भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा की है। 5भाजपा ने सभी 29 सीटों को जीतने का मिशन तय किया है। अभी भी उसके कब्जेमें 28 सीटें हैं।

पहला चरण- 19 अप्रैल को 6 सीटों पर पड़ेंगे वोट

सीट- सीधी, शहडोल, जबलपुर, मंडला, बालाघाट, छिंदवाड़ा

अधिसूचना- 20 मार्च **नामांकन करने की अंतिम तारीख**- 27 मार्च

नामांकन की जांच- 28 मार्च **नाम वापसी की अंतिम तिथि**- 30 मार्च

दूसरा चरण- 26 अप्रैल को 7 सीटों पर होंगे चुनाव

सीट- टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा, होशंगाबाद, बैतूल

अधिसूचना- 28 मार्च **नामांकन की अंतिम तारीख**- 4 अप्रैल

नामांकन की जांच- 5 अप्रैल **नाम वापसी की अंतिम तिथि**- 8 अप्रैल

हमारे कार्यकर्ता बूथों पर चुनाव के लिए तैयार हैं। प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा मतदान भी होगा और जनता के आशीर्वाद से भाजपा सभी सीटें जीतकर इतिहास रचेगी। प्रयास होगा कि प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा मतदान हो और अधिक से अधिक लोग आजादी के अमृतकाल में हो रहे इस चुनाव में सहभागी बनें।

– वीडी शर्मा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष

तीसरा चरण- 8 सीटों पर 7 मई को डाले जाएंगे वोट

सीट- मुरैना, भिंड, ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा, भोपाल, राजगढ़

अधिसूचना- 12 अप्रैल **नामांकन की अंतिम तारीख**- 19 अप्रैल

नामांकन की जांच- 20 अप्रैल **नाम वापसी की अंतिम तिथि**- 22 अप्रैल

चौथा चरण- 13 मई को 8 सीटों के लिए पड़ेंगे वोट

सीट- देवास, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम, धार, इंदौर, खरगोन, खंडवा

अधिसूचना- 18 अप्रैल **नामांकन की अंतिम तारीख**- 25 अप्रैल

नामांकन की जांच- 26 अप्रैल **नाम वापसी की अंतिम तिथि**- 29 अप्रैल

यह चुनाव 'आम' नहीं है। इस चुनाव में फैसला होगा कि यह देश के संविधान पर चलेगा या एक तानाशाह के गुणगान पर चलेगा। मजदूर, किसान, मध्यमवर्गीय लोगों के कंधे पर चलेगा या चुनिंदा पूंजीपतियों के कंधे पर चलेगा। निर्णय आपको करना है।

जीतू पटवारी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष

आरटीई: 33 लाख बच्चों को स्कूल शिक्षा मंत्री ने सिंगल क्लिक से अंतरित की गणवेश राशि

84,795 बच्चों को स्कूल आवंटित, यूनिफार्म के 137 करोड़ रुपए जारी

मोबाइल पर पहुंचे एसएमएस, 23 मार्च तक स्कूल पहुंचकर ले सकेंगे प्रवेश

खाली रह गई 27 हजार 509 सीटें, द्वितीय लॉटरी निकालने की तैयारी

भोपाल, दोपहर मेट्रो। प्रदेश में आरटीई के तहत 84 हजार 795 बच्चों को निजी स्कूलों की सीटों का आवंटित की गई हैं। स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने मंत्रालय में ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से सीटों का आवंटन किया। इस दौरान स्कूल शिक्षा मंत्री ने सिंगल क्लिक के माध्यम से 30 जिलों के 33 लाख विद्यार्थियों को गणवेश की करीब 137 करोड़ रूपए की राशि भी बैंक खातों में अंतरित की। इस मौके पर स्कूल शिक्षा विभाग के उल्लास कार्यक्रम के लिए तैयार किए गए मोबाइल एप की शुरूआत भी की गई।

आवंटित सीट पर बच्चों को इस वर्ष 23 मार्च तक अनिवार्य रूप से प्रवेश दे दिया जाएगा। बता दें कि इस बार एक लाख 48 हजार बच्चों द्वारा आधार सत्यापन कर ऑनलाइन आवेदन आए थे। इनमें 77 हजार 473 बालक तथा 71 हजार 22 बालिकाओं के आवेदन थे। नर्सरी की कक्षाओं के लिए 92 हजार 398, के.जी.-1 के लिए 42 हजार 509, के.जी.-2 के लिए 1712 तथा कक्षा-1 के लिए 11 हजार 876 आवेदन किए गए। दस्तावेज सत्यापन के बाद एक लाख 24 हजार 386 बच्चे पात्र पाए गये थे। सीटें आवंटित होने के बाद भी निजी स्कूलों की 27 हजार 509 सीटें खाली रह गई हैं, जिस पर प्रवेश के लिए द्वितीय लॉटरी निकाली जाएगी।

भोपाल के 6 हजार 262 बच्चों मिली सीट

आरटीई के तहत भोपाल जिले के 6262 बच्चों को निजी स्कूलों की सीटें आवंटित की गई। भोपाल के 1254 स्कूलों की 7010 सीटों को इस बार आरटीई प्रक्रिया में शामिल किया गया था। इसके लिए 14 हजार 501 आवेदन पहुंचे थे, जिसमें से सत्यापन के बाद 12 हजार 438 बच्चे पात्र पाए गए। जिसमें से 6 हजार 262 बच्चों को सीट आवंटित की गई है। इसके बाद भी जिले की करीब 748 सीटें खाली रह गई हैं।

नई शिक्षा नीति को प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा

इस दौरान स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि मप्र में नई शिक्षा नीति को प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। नवीन शिक्षा नीति में प्रदेश के प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाई जाएगी। मंत्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के माध्यम से देशभर में नई टेक्नोलॉजी को बढ़ावा दे रहे हैं। इस कार्यक्रम में भी उन्नत तकनीक का उपयोग करते हुए करीब एक लाख 25 हजार बच्चों को प्रायवेट स्कूल में प्रवेश-पत्र उपलब्ध कराए गए हैं।

आचार संहिता लगने के ऐन पहले हुए तबादले

दो माह से अटकी आईएफएस की फाइलें कुछ घंटों में निपटीं

IFS OFFICER
तबादले

भोपाल, दोपहर मेट्रो। पिछले कुछ दिनों से प्रदेश में तबादलों को झड़ी सी लग गई थी इसके बावजूद आईएफएस की फाइलें पिछले दो महीने से धूल खा रही थी। कुछ अधिकारियों के पास तो काम ही नहीं था, वे इंतजार कर रहे थे कि खाली हुए अच्छे पदों पर आखिर कब तक ज्वाइनिंग मिलेगी। प्रपोजल भी वन मुख्यालय से मंत्रालय भेज दिए गए थे लेकिन आदेश नहीं हो रहे थे। ये आदेश शनिवार को लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने के कुछ घंटे पहले बाहर आए। सरकार ने करीब 20 से अधिक आईएफएस, एसएफएस अधिकारियों के तबादले किए तो 7 अधिकारियों को उच्च स्तरीय वेतनमान भी दिया।

श्रीवास्तव को वाइल्डलाइफ और यादव को वन विकास निगम की जिम्मेदारी दी

राज्य शासन ने वन विहार नेशनल पार्क के डायरेक्टर रह चुके डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव को वाइल्डलाइफ विंग का जिम्मा दिया। इसके पहले वह कार्य आयोजना एवं वन भू-अभिलेख की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। यह विंग असीम श्रीवास्तव को वन बल प्रमुख की जिम्मेदारी दिए जाने के बाद खाली थी। जिसकी जिम्मेदारी अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यप्राणी शुभरंजन सेन संभाल रहे थे। प्रधान मुख्य वन संरक्षक विभाष कुमार ठाकुर को राज्य वनोपज संघ का एमडी तो मुख्यालय में प्रशासन-1 की जिम्मेदारी देख रहे प्रधान मुख्य वन संरक्षक राकेश कुमार यादव को राज्य वन विकास निगम का मुखिया बनाया है। जबकि विभाष ठाकुर की तरह वन मुख्यालय में पदस्थ व्हीएन अंबाड़े को कार्य आयोजना एवं वन भू-अभिलेख का जिम्मेदारी दी है।

बोर्ड पैटर्न पर आठवीं के गणित विषय में विद्यार्थियों को मिलेंगे पांच बोनस अंक

भोपाल, दोपहर मेट्रो। प्रदेश के 5वीं व 8वीं बोर्ड परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन संभाग स्तर पर बने मूल्यांकन केंद्रों पर किया जाएगा। रविवार से मूल्यांकन कार्य शुरू किया जा रहा है। इसमें प्रदेश के एक लाख शिक्षकों को लगाया जाएगा। प्रदेश के निजी व सरकारी स्कूलों के शामिल हो रहे हैं करीब 24 लाख विद्यार्थी हैं। राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा बोर्ड पैटर्न पर आयोजित आठवीं गणित के पेपर में अब विद्यार्थियों को पांच बोनस अंक मिलेंगे। इस संबंध में राज्य शिक्षा केंद्र ने शनिवार को मूल्यांकन अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए हैं। इसमें कहा गया है कि गणित के प्रश्नपत्र में एक सवाल को हल करने में ग्राफ पेपर का उपयोग किया जाना था, लेकिन ग्राफ पेपर नहीं दिया गया। इस कारण विद्यार्थी उस प्रश्न को हल नहीं कर सके। ऐसे में उन्हें इस सवाल के पूर्ण अंक प्रदान किए जाएं। यह प्रश्न पांच अंक का था। राज्य शिक्षा केंद्र ने निर्देशों में यह भी कहा है कि उत्तर पुस्तिका का मुद्रण एससीईआरटी के ब्लूप्रिंट के अनुसार हुआ था। एनसीईआरटी का ब्लूप्रिंट और प्रश्नों की संख्या एससीईआरटी से भिन्न है। ऐसे में एनसीईआरटी/भाषा अन्य विषय के प्रश्नपत्रों में यदि विद्यार्थी द्वारा किसी प्रश्न को हल करते समय स्थानाभाव के कारण प्रश्न का उत्तर निर्धारित स्थान के अतिरिक्त उत्तर पुस्तिका में किसी अन्य पृष्ठ/ रफकार्य/ अतिरिक्त उत्तरपुस्तिका में लिखा गया हो तो उस प्रश्न का उत्तर जांचा जाए और सही उत्तर लिखने पर अंक भी दिए जाएं। प्रदेश के 5वीं व 8वीं बोर्ड परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन संभाग स्तर पर बने मूल्यांकन केंद्रों पर किया जाएगा। रविवार से मूल्यांकन कार्य शुरू किया जा रहा है।

शर्मा राजगढ़ में प्रबुद्धजनों से चर्चा करने पहुंचे

भोपाल, दोपहर मेट्रो। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा आज सुबह राजगढ़ जिले के संस्कृति होटल में लोकसभा प्रबंधन, प्रबंध समिति एवं जिला बैठक को संबोधित करने रवाना हुए। शर्मा यहां जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष, सदस्य, नगर पालिका, नगर परिषद अध्यक्ष एवं पार्षदों की बैठक को भी संबोधित करेंगे। वे प्रबुद्धजनों के साथ चाय पर चर्चा करेंगे तथा शाम को राजगढ के वार्ड क्र. 8 में लाभार्थी संपर्क एवं दीवार लेखन करेंगे। उन्होंने कहा है कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनावी पर्व का कार्यक्रम घोषित हो गया है। चुनाव आयोग ने पूरी तैयारी पारदर्शिता, स्वच्छता से चुनाव कराने का ब्यौरा प्रस्तुत किया है। मध्यप्रदेश में 4 चरणों में चुनाव में हमारे कार्यकर्ता प्रदेश के 64523 बूथों पर चुनाव के लिए तैयार हैं। मध्यप्रदेश में ज्यादा से ज्यादा मतदान भी होगा और जनता के आशीर्वाद से भारतीय जनता पार्टी सभी 29 सीटें जीतकर नया इतिहास रचेगी।

राज्यस्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन व मॉनीटरिंग कमेटी ने शुरू की निगरानी

भोपाल। लोकसभा निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही राज्यस्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनीटरिंग कमेटी (स्टेट लेवल एमसीएमसी) द्वारा न्यूज चैनलों पर प्रसारित होने वाले विज्ञापन व समाचारों पर निगरानी रखने के लिये जनसम्पर्क अधिकारियों की टीम 24 घण्टे निगाह रखेगी। मध्यप्रदेश संपत्ति विरूपण अधिनियम के अंतर्गत सरकारी/ सार्वजनिक/निजी संपत्ति पर अनाधिकृत विरूपण हटाने के लिए नियत सीमा में कार्यवाही के निर्देश दिए है। टीमों का गठन किया जाकर अंतर्राज्यीय नाकों पर अवैध शराब, नगद राशि और मादक पदार्थों के परिवहन पर सख्त निगरानी रख रहे हैं।

89 पदों पर होगी भर्ती आवेदन 31 तक

भोपाल, दोपहर मेट्रो। मैनिट ने फैकल्टी रिक्रूटमेंट के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। फैकल्टी के 89 पद हैं। इसमें लेवल-10 व लेवल-12 के असिस्टेंट प्रोफेसर के ग्रेड-2, ग्रेड-1 के लिए वैकेंसी है। लेवल1302 स्तर के एसोसिएट प्रोफेसर और लेवल-14ए लेवल के एसोसिएट प्रोफेसर की वैकेंसी निकाली है।


रात को एक गोली सुबह पेट खाली

100% AYURVEDIC

कब्ज और उसके कारण होती एसिडिटी, गैस और सरदर्द से लड़ने का सबसे असरदार उपाय है आयुर्वेदिक कायम टेबलेट.

कब्ज की कर दे छुट्टी

कायम चूर्ण वाले शेठ ब्रदर्स का उत्पादन

मेडीकल एवं आयुर्वेदिक स्टोर्स में उपलब्ध

मेट्रो एंकर

28 मार्च को प्रवेश सूची जारी होगी, 6 अप्रैल तक एडमिशन

सीएम राइज स्कूलों में प्रवेश शुरू, यदि सीट से अधिक आवेदन हुए तो निकलेगी लॉटरी

भोपाल, दोपहर मेट्रो। सीएम राइज स्कूलों में नए शिक्षा सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। भोपाल जिले में छह सीएम राइज स्कूल में प्रवेश होंगे। कक्षा पहली, छठवीं और नौवी कक्षा में उपलब्ध सीट से अधिक आवेदन आने पर लॉटरी सिस्टम से प्रवेश दिया जाएगा।

लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक के अनुसार सीएम राइज स्कूलों में प्रवेश को लेकर कोई गड़बड़ी न हो, इसके लिए स्कूलों को नोटिस बोर्ड पर सीट की सूची चस्पा करना होगी। स्कूलों को यह सूची एजुकेशन पोर्ट पर भी अपलोड के आदेश दिए गए हैं। ताकि सीटों की संख्या में बदलाव न हो सके।

आवेदन प्रक्रिया ऑफलाइन होगी

स्कूलों में सीटों की संख्या के अनुसार ऑफलाइन आवेदन होंगे। सीएम राइज रशीदिया स्कूलों में कक्षा-1 से 12वीं तक 40-40 सीटें हैं। कक्षा एक को छोड़कर शेष सीटों पर पहले स्कूलों के ही बच्चों को प्रवेश दिया जाएगा। सीटें खाली रहने के बाद अन्य को प्रवेश मिलेगा। आवेदन की आखिरी 23 मार्च है। 28 मार्च को प्रवेश सूची जारी की जाएगी। 6 अप्रैल तक एडमिशन फार्म एवं फीस जमा कर एडमिशन लॉक होंगे।

कामयाबी की निशानी सुबह जल्दी जगने का रूटीन

नरेंद्र कुमार

कामयाब लोग आम दर्रे की जिंदगी नहीं जीते। कामयाब लोगों की जिंदगी आम लोगों से भिन्न होती है। ये लोग अपनी निजी जिंदगी में उन बहुत सी बातों का व्यावहारिक रूप से पालन करते हैं, जो दूसरों के लिए आमतौर पर किताबी होती हैं। मसलन दुनिया के ज्यादातर कामयाब लोग सुबह जल्दी उठते हैं, हर दिन कुछ नया जरूर पढ़ते हैं। उनका ऑफिस वर्क हमेशा कंपलीट होता है, ये लोग दूसरों से रिश्ते बनाने में भी शानदार होते हैं। ऐसे लोगों का रूटीन अमूमन सुबह 5 बजे से शुरू होता है। नियमित रूप से एक्सरसाइज करते हैं, मेडिटेशन करते हैं और आम लोग जब मुश्किल से उठ रहे होते हैं, तब तक इनको जगे हुए कई घंटे गुजर चुके होते हैं। ऑफिस में भी ये लोग काम शुरू करने से पहले अपना ई-मेल देखते हैं। जिन लोगों को मेल लिखने होते हैं, उन्हें लिखते हैं। ये भले हर दिन गलतियां करें, लेकिन ऐसे लोग अपनी गलतियों से हर दिन कुछ न कुछ सीखते हैं।

नया जानने की चाह

ऐसे लोग अपना निर्णय खुद लेते हैं और उसकी जिम्मेदारी भी किसी और पर नहीं डालते। ऐसे लोग अहंकारी हो ही नहीं सकते। क्योंकि ऐसे लोगों के पास फालतू के कामों के लिए ऊर्जा नहीं होती। कामयाब लोग हर समय कुछ न कुछ नया जानने की फिराक में रहते हैं। ये लोग परेशानियों को एक नई चुनौती के रूप में देखते हैं। सूरज निकलने के पहले दिन शुरू करते हैं तो उनके लिए कभी भी समय की कमी नहीं होती।

रचनात्मकता

कामयाब लोगों का एक और खास गुण होता है कि उनमें कोई एक न एक रचनात्मकता जरूर होती है। कोई सितार बजाता है, कोई चित्रकार होता है, कोई गल्प लिखने में माहिर होता है और सबसे बड़ी बात ये है कि कामयाब लोगों के काम बड़े मजबूत होते हैं। ये धैर्य के साथ दूसरों को सुनते हैं। जरा सी बात पर उत्तेजित नहीं होते।एक शिक्षण संस्थान ने अपने सीमित आकलन में पाया है कि जो छात्र सुबह जल्दी जगते हैं, उनकी कामयाबी की दर उन लोगों से 50 फीसदी ज्यादा है, जो सुबह देर से जगते हैं। मतलब साफ है कि अगर कामयाब होना है तो जीवन में, पढ़ाई में, सुबह जल्दी जगना होगा। सुबह जल्दी उठने से शरीर में ऊर्जा का लेवल शानदार रहता है।

एकाग्रता व मानसिक सेहत

दूसरी सबसे महत्वपूर्ण बात ये होती है कि सुबह जल्दी जगने वाले लोग दिन के ज्यादातर समय अपने काम में मन लगा पाते हैं। उनकी एकाग्रता बनी रहती है। ऐसे लोगों में ब्लड प्रेशर और शुगर लेवल भी दूसरे लोगों के मुकाबले नियंत्रण में रहता है। सुबह जल्दी उठने वाले लोग शरीर से ही नहीं, दिमाग से भी फुर्तीले होते हैं और ऐसे लोगों की फूड हैबिट्स आमतौर पर ज्यादा हेल्दी पायी गई हैं। सुबह जल्दी जगने वाले लोगों की नींद की गुणवत्ता देर से उठने वाले लोगों के मुकाबले बेहतर होती है। इनका मेंटल स्टेटस भी दूसरों से बेहतर होता है। जो लोग सुबह सूरज उगने के पहले जगते हैं, उनके शरीर का सर्केडियन रिद्म हमेशा कायम रहता है, उनके पास देर से उठने वाले लोगों के मुकाबले अपने लिए 10 से 15 प्रतिशत वक्त ज्यादा होता है। इसलिए सुबह जल्दी जगने की शुरुआत कीजिए, जिंदगी खुद ब खुद व्यवस्थित हो जायेगी।

सुबह जल्दी उठने के लिए टिप्स

जो लोग कहते हैं कि वे सुबह जागना तो जल्दी चाहते हैं लेकिन क्या करें जग ही नहीं पाते, उन्हें इन कुछ टिप्स का पालन करना चाहिए। मसलन ऐसे लोगों को अपने रात के स्क्रीन टाइम को कम करना चाहिए। रात का खाना हल्का खाना चाहिए। इन्हें अपना एक मॉर्निंग रूटीन बनाना चाहिए और ऐसी जगह सोना चाहिए जहां सुबह के सूरज की सीधी किरणें आती हों। जिंदगी में कामयाबी का सुख चाहिए तो सुबह जल्दी उठना बहुत जरूरी है इससे हम पूरे दिन के लिए तनाव मुक्त हो जाते हैं। जब शरीर में सुबह की ताजी हवा लगती है तो दिमाग में रक्त संचार बढ़ता है। व्यायाम करने का मन करता है और रूटीन व्यवस्थित रहता है।

साफगोई व बेबाकी से खुले जीवन के पन्ने



नेशनल बेस्टसेलर
कही-अनकही
एक अभिनेता की जज़्बाती ज़िंदगी
कबीर बेदी
अनुवाद : प्रभात रंजन
STORIES I MUST TELL - THE EMOTIONAL LIFE OF AN ACTOR: HINDI EDITION

हेमंत पाल

कबीर बेदी ने बहुत ज्यादा हिंदी फिल्मों में काम नहीं किया, पर जो भी फिल्में की, उसमें उनको भुलाया नहीं सकता। वे ऐसे अभिनेता हैं, जिन्हें किसी दायरे में नहीं बांध सके। उन्होंने डाकू की भूमिका भी की और निर्दयी पति की भी ! लेकिन, जो भी किरदार निभाया वो दर्शकों को हमेशा याद रहा। लेकिन, कबीर बेदी को लोग फिल्मों से ज्यादा उनकी निजी जिंदगी के लिए याद रखते हैं। उन्होंने अपनी बायोग्राफी 'स्टोरीज आई मस्ट टेलः द इमोशनल लाइफ ऑफ द एक्टर' (हिंदी अनुवाद कही-अनकही) में अपनी जिंदगी से जुड़े खुलासे बड़ी बेबाकी से किए। अपनी बायोग्राफी में उन्होंने बताया कि कैसे परवीन बाबी से प्यार के बाद उन्होंने पत्नी प्रोतिमा से अपना रिश्ता तोड़ लिया था। यह घटनाक्रम इतने दिलचस्प तरीके से लिखा गया है कि पढ़ने वाला बंधा रह जाता है।

फिल्मी दुनिया के अपने सफर का जिक्र करते हुए कबीर बेदी ने लिखा कि वे 1700 रुपये लेकर मुंबई आए थे। तब उन्हें करिअर और भविष्य की ज्यादा समझ नहीं थी। जब काम के लिए कोशिश की, तो सभी ने खलनायक की भूमिका कि बात की। क्योंकि, कद-काठी से वे न किसी के भाई लगते थे, न दोस्त और न नायक। सभी डायरेक्टरों का कहना था कि तुम खलनायक के ही लायक हो। कबीर ने लिखा कि प्रोफेशनल लाइफ के अलावा पर्सनल लाइफ में भी मैं खलनायक ही बना रहा। असल जीवन में भी मेरी तीन शादियां हुई। पहली शादी डांसर प्रोतिमा से हुई। शुरुआत बहुत खुशियों भरी थी, लेकिन यह साथ चार साल से ज्यादा नहीं चला। दूसरी शादी अमेरिकी मूल की निक्की से हुई और तीसरी शादी परवीन बॉबी से जिससे भी लम्बा साथ नहीं रहा। कबीर का मानना है कि शादी कोई बंधन नहीं, बल्कि जीने का एक बेबाक अंदाज है। कबीर के मुताबिक, मैं शादी के बंधन में बंधकर नहीं रह सका। फिल्मों की तरह निजी जीवन में भी खलनायक की भूमिका में ही जीता रहा।

कबीर बेदी ने अपने नजरिए के बारे में भी लिखा कि खुद की क्षमता पर से कभी भरोसा नहीं उठने देना चाहिए। सफलता निश्चित रूप से आपके कदम चूमेगी। क्योंकि, अवसर कभी दस्तक नहीं देता, इसे सही समय पर अनुभव करना पड़ता है। विश्वास कमाने की चीज है। कबीर बेदी ने अपनी इस किताब में जीवन से जुड़ी कई कहानियां साझा की। दिल्ली में पढ़ते थे, तब बीटल्स उनकी मुलाक़ात। फिर अचानक घर और कॉलेज को छोड़कर फिल्मों में एक्टर बनने के लिए मुंबई जाना। विज्ञापन की दुनिया के रोमांच के अलावा विदेश में 'संदोकान' जैसी इटेलियन फिल्म की सफलता और फिर नाकामयाबी। उन्होंने अपने दार्शनिक इंडियन पिता और इंग्लैंड में जन्मी मां की दिलचस्प प्रेम कहानी का भी जिक्र किया, जो बौद्ध भिक्षुक थीं। उन्होंने सिजोफ्रेनिया पीड़ित अपने बेटे को बचाने का संघर्ष का भी खुलासा किया।

कबीर बेदी का आत्मकथ्य 'कही-अनकही' ऐसे साधारण आदमी का असाधारण स्पष्टवादी संस्मरण है, जिसने अपने जीवन की कोई बात नहीं छुपाई। न प्यार की तीन कहानियां और न करिअर की बातें। दरअसल, ये आदमी के संवरने, बिखरने और फिर अपने दम पर खड़े होने की दास्तान है। इस शख्स ने अपनी इस किताब में बेहद साफगोई से अपने जीवन के हर पन्ने को खोला इसलिए एक पठनीय दस्तावेज़ बनी। मूलतः अंग्रेजी में लिखी पुस्तक 'स्टोरीज आई मस्ट टैल' का हिंदी अनुवाद 'कही-अनकही' है, जिसे प्रभात रंजन ने हिंदी पाठकों के लिए रोचक अंदाज में परोसा है।

पुस्तकः कही-अनकही, **लेखक :** कबीर बेदी
अनुवाद : प्रभात रंजन प्रकाशक : मंजुल पब्लिशिंग हाउस, भोपाल पृष्ठ : 269
मूल्यः रु. 499.

मनोविज्ञान: विचारपूर्वक आगे बढ़ना अच्छा है, लेकिन जरूरत से ज्यादा सोचने से भी फैसले कमजोर होते हैं

आखिर आप सोच क्या रहे हैं, इसलिए कि ज्यादा सोचना भी हो सकता है हानिकर

किर्स्टी रॉस

मैं एक नैदानिक मनोविज्ञानी हूं और मेरे पास अक्सर लोग आकर बताते हैं कि उन्हें अपने विचारों को नियंत्रित करने में परेशानी हो रही है। लोग दरअसल, मनन और अत्यधिक विचार करने की प्रवृत्ति को एक ही मान लेते हैं, जबकि ये परस्पर जुड़े होने के बावजूद थोड़े अलग हैं। बगैर समस्या का समाधान ढूंढे एक ही तरह के विचारों का बार-बार विश्लेषण करना एक परेशानी है। यह उसी तरह है, जैसे हम किसी रिकॉर्ड के एक ही हिस्से को बार-बार सुन रहे हों।

मनुष्य के दिमाग में खतरों से निपटने और उनसे खुद को सुरक्षित करने के लिए योजना बनाने की क्षमता है, लेकिन जब हम 'क्या होगा अगर...?' के भंवर में फंसते हैं, तो फिर यह क्षमता धरी की धरी रह जाती है। इस भंवर में पड़कर या तो हम अतीत या फिर भविष्य की चिंताओं में खुद को उलझा लेते हैं और वर्तमान से दूर हो जाते हैं। ज्यादातर लोग कभी न कभी खुद को ऐसी स्थिति में पाते हैं, जब वे जरूरत से ज्यादा सोच रहे होते हैं। जो लोग पहले नकारात्मक हालात का सामना कर चुके होते हैं या जो लोग ज्यादा भावुक होते हैं और भावनाओं को ज्यादा गहराई से महसूस करते हैं, उनमें भी जरूरत से ज्यादा सोचने की प्रवृत्ति विकसित हो सकती है।इसके अलावा, जब हम तनावग्रस्त होते हैं, तब भी हम अपने ही विचारों पर अटक सकते हैं। जब भी ऐसी स्थितियां आएं, तो भावना-केंद्रित और समस्या-केंद्रित, दोनों रणनीतियों का उपयोग करना सहायक होता है।

भावना-केंद्रित होने का अर्थ है-यह पता लगाना कि हम किसी चीज के बारे में कैसा महसूस करते हैं और उन भावनाओं से निपटना। उदाहरण के लिए, जो कुछ घटित हो चुका है, उसके बारे में हम पछतावा, क्रोध या उदासी महसूस कर सकते हैं या जो कुछ घटित हो सकता है, उसके बारे में चिंता कर सकते हैं। समस्या-केंद्रित तरीका वह है, जिसमें आप समाधान के विषय में आगे बढ़ते हैं। आप एक योजना बनाते हैं और उस पर काम भी करते हैं। हालांकि हर चीज योजना के मुताबिक हो, यह संभव नहीं। ज्यादा उपयोगी यह है कि अधिक संभावित संभावनाओं में से एक या दो के लिए योजना बनाएं और स्वीकार करें कि ऐसी चीजें हो सकती हैं, जिनके बारे में आपने नहीं सोचा है। हमारी भावनाएं और अनुभव जानकारियां हैं, इसलिए खुद से यह पूछना महत्वपूर्ण है कि यह जानकारी आपको क्या बता रही है और ये विचार अब क्यों दिखाई दे रहे हैं। चीजों को स्वीकार करना और खुद से बात करते रहना जरूरी है।



नपा ने चबूतरा निर्माण का किया भूमि पूजन

सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो

नगर पालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 9 में क्षेत्र के विधायक प्रेमशंकर वर्मा द्वारा प्रदत विधायक निधि से चबूतरा निर्माण कार्य का भूमि पूजन नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन एव वार्ड पार्षद सभापति ईश्वरदास जमींदार एव भाजपा और वार्ड के परिवारजनों के साथ मिलकर भूमि पूजन संपन्न किया। सभापति पार्षद ईश्वरदास जमींदार ने जानकारी देते हुए बताया कि वार्ड क्रमांक 9 में शहीद पटेल कालोनी गली नंबर 2 में वार्डवासियों की मांग पर विधायक निधि द्वारा पूर्व में प्रदत्त विधायक निधि से 1 लाख रुपए से बनने वाले चबूतरा कार्य का आज भूमि पूजन किया गया। जिससे यहां पर वरिष्ठजनो की सुविधाओं के लिए चबूतरा का निर्माण किया जाएगा। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन पूर्व जिला महामंत्री रघुवीर राजपूत वार्ड पार्षद सभापति ईश्वरदास जमीदार उपाध्यक्ष प्रतिनिधि शैलेंद्र गौर पार्षद दीपक वातव पार्षद प्रशांत यादव कमलेश पटेल कमलेश लोवंशी शिव राठौर विनोद मालवीय प्रदीप काका अनिल लोवंशी तुषार लोवंशी छोटू धपाड़िया सतीश वर्मा रज्जू गौर मानू लोवंशी राजाराम ठाकुर पवन राजपूत गोलू लोवंशी श्रवण राजपूत ईलू सोनी दीपेश वर्मा सहित भाजपा साथी और वार्डवासी उपस्थित थे।

जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित

सभी राजनीतिक दल आदर्श आचरण संहिता का पालन करें : जिला निर्वाचन अधिकारी

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कार्यक्रम घोषित किये जाने के साथ ही जिले में आदर्श आचरण संहिता लागू कर दी गई है। आदर्श आचरण संहिता राज्य शासन, राजनैतिक दलों एवं अभ्यर्थियों के लिये लागू होगी। शनिवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना ने बताया कि सभी राजनैतिक दलों को आदर्श आचरण संहिता का पालन करना होगा। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र होशंगाबाद के लिए रिटर्निंग ऑफिसर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदापुरम सोनिया मीना रहेंगी। इसी तरह विधानसभा खंडवार सहायक रिटर्निंग अधिकारी वहां के संबंधित अनुविभागीय अधिकारी रहेंगे।

उन्होने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा जारी की गई आदर्श आचरण संहिता के अनुसार निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही लोकसभा निर्वाचन की आदर्श आचरण संहिता सम्पूर्ण देश के साथ साथ संसदीय क्षेत्र एवं संपूर्ण जिले में लागू हो गई है जो निर्वाचन संपन्न होने की तिथि 06 जून तक लागू रहेगी। निर्वाचन प्रक्रिया के सभी सहभागी इसके अधीन कार्य करेंगे एवं इससे सभी राजनैतिक दलों, अभ्यर्थियों को निर्वाचन लड़ने के समान अवसर प्राप्त होंगे। सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक संगठन भी अपने कार्यक्रमों में किसी राजनैतिक दल या अभ्यर्थी के प्रचार नहीं करेंगे न ही किसी दल या अभ्यर्थी के पक्ष में अपील जारी करेंगे। निर्वाचन प्रचार अभियान को उच्च स्तर पर बनाए रखा जाना चाहिए। किसी भी व्यक्ति के निजी जीवन पर कोई आक्षेप नहीं लगाया जाना चाहिए।

राजनीतिक दलों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि वे बच्चों को किसी भी प्रकार के चुनाव अभियान में शामिल न करें, जिसमें रैलियां, नारे लगाना, पोस्टर या पैम्फलेट का वितरण या कोई अन्य चुनाव संबंधी गतिविधि शामिल है। राजनीतिक नेताओं और उम्मीदवारों को किसी भी तरह से प्रचार गतिविधियों के लिए बच्चों का उपयोग नहीं करना चाहिए, जिसमें बच्चे को गोद में लेना, वाहन में बच्चे को ले जाना या रैलियों में शामिल करना शामिल है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह, जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत, उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार सिंह, नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर पंकज दुबे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

प्रचार अभियान में अन्य दलों/अभ्यर्थियों की आलोचना उनकी नीतियों, कार्यक्रमों, कार्यों तक ही सीमित रखना सभाओं, रैलियों, जुलूसों, लाउडस्पीकर, प्रचार वाहनों के लिए पूर्व से सभी आवश्यक अनुमतियाँ प्राप्त करें। निजी संपत्तियों पर प्रचार सामग्री का उपयोग संपत्ति के स्वामी से अनुमति प्राप्त कर ही करें। निर्वाचन प्रक्रिया हेतु आयोग द्वारा निर्धारित अनुदेशों का पालन करें। आयोग के निर्देशों का पालन करें एवं प्रशासन के साथ सहयोग करें। लागू प्रतिबंधात्मक एवं निषेधात्मक आदेशों का पूरा सम्मान करें। मतदान दिवस पर मतदान केंद्र के 200 मीटर परिधि के बाहर ही अपना अस्थायी बूथ बनायें मतदाताओं के स्वतंत्र मताधिकार का सम्मान करें।

प्रत्येक व्यक्ति के शांतिपूर्ण एवं विघ्नरहित जीवन जीने के अधिकार का सम्मान करें..

सम्पूर्ण निर्वाचन अभियान के दौरान राजनैतिक दलों एवं अभ्यर्थियों से नैतिकता एवं शुचिता के उच्चतम स्तर को बनाये रखे जाने की अपेक्षा है। भ्रष्ट आचरण और निर्वाचन अपराधों से संबंधित निर्वाचन विधि के वैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन निर्वाचन के सुचारू संचालन की प्रक्रिया को बाधित करता है। राजनैतिक दलों / अभ्यर्थी के कार्यकर्ताओं और समर्थकों द्वारा इस तरह के किसी भी भ्रष्ट आचरण और निर्वाचन अपराधों का कृत्य न केवल कानूनी कार्यवाहियों को आमंत्रित कर सकता है वरन अभ्यर्थी के निर्वाचन को रद्द भी करा सकता है। ऐसी गतिविधि में लिप्तता विभिन्न जातियों और समुदायों के बीच आपसी द्वेष या तनाव पैदा कर सकती है। चुनाव प्रचार के लिए मंच के रूप धार्मिक स्थलों के उपयोगों और मत हासिल करने के लिए जातिगत या सांप्रदायिक भावना की अपील करना, मतदाताओं को रिश्वत देना, मतदाताओं को धमकाना मतदान के दिन और अड़तालीस घंटे से पहले शराब परोसना या वितरित करना, मतदाताओं का प्रतिरूपण, मतदान केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में प्रचार स्द्वद्यद्वठ्ठष्द्व ड्डद्धद्धश्स्र के 48 घंटों की अवधि के दौरान सार्वजनिक बैठकों का आयोजन आदि निर्वाचन अपराध एवं भ्रष्ट आचरण के संबंध में विधिक प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

अधिवक्ताओं की मांगों का निराकरण करने का प्रयास करूंगा:धगट

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

अधिवक्ता संघ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

जिला अधिवक्ता संघ की नव निर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह और नर्मदांचल के गौरव जो विभिन्न शहरों में न्यायाधीश रहकर अपनी सेवा देकर नगर को गौरवांवित कर रहे न्यायाधीशों का सम्मान शनिवार 16 मार्च को किया गया है। इस दौरान मुख्यातिथी विशाल धगट न्यायामूर्ति हाईकोर्ट जबलपुर ने आयोजन की प्रशंसा की और कहा कि इस तरह के आयोजन से बार और बैंच का समन्वय बनता है। यहां की मांगों को मैं एक गार्जिन की तरह उचित जगह पर रख उनका निराकरण कराने का प्रयास करूंगा । विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने अधिवक्ता संघ की मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया।कार्यक्रम में संघ अध्यक्ष दीपक जैन ने स्वागत भाषण का वाचन किया। मंच पर विशिष्ट अतिथि के रूप में विशेष न्यायाधीश हितेन्द्र कुमार मिश्रा, वरिष्ठ अधिवक्ता एसएस ठाकुर, उमेश पालीवाल, व्हीके चौहान, जेके तिवारी, केके जराठे, व्हीके दीवान, एसएस पटेल, राकेश फौजदार, कपिल फौजदार, समाजसेवी भवानी शंकर शर्मा, भगवती चौरे, गिरिजाशंकर शर्मा के अलावा संघ सचिव मनोज जराठे, उपाध्यक्ष मनोज यादव, सहसचिव क्षमा चौहान, कोषाध्यक्ष राकेश शर्मा, ग्रंथपाल पीडी चौरे कार्यकारणी सदस्य, सीके कुरापा, सौरभ तिवारी, प्रकाश कुशवाह, अभिषेक दीक्षित, दीपक सोन आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती की पूजन से हुआ। कार्यक्रम का संचालन विश्वेश्वर तिवारी ने किया और आभार संघ सचिव मनोज जराठे ने माना। कार्यक्रम में रामराज सिंह ठाकुर, जीआर सराठे, अजय तिवारी, दिनेश दुबे, अजय दुबे, बृजेश शर्मा, सुश्री विजया कदम, सफलता तिवारी, कुसुम तोमर, सचिन चौहान, रोहन जैन, योगेश पटेल, मनीष शर्मा, अनुराग दीक्षित, अनुराग दुबे, धर्मेन्द्र यादव, राजेश मालवीय, विक्रम परते आदि मौजूद रहे।

इन्होंने ली शपथ

शपथ ग्रहण समारोह में दीपक जैन अध्यक्ष मनोज जराठे सचिव, मनोज यादव उपाध्यक्ष, क्षमा चौहान सहसचिव, राकेश शर्मा कोषाध्यक्ष, पीडी चौरे ग्रंथपाल व सीके कुरापा, सौरभ तिवारी, अभिषेक दीक्षित, प्रकाश कुशवाह और दीपक सोन ने कार्यकारणी सदस्य की शपथ ली।

इनका हुआ सम्मान

नर्मदापुरम का नाम गौरवांवित करने वाले न्यायाधीश गिरीश दीक्षित स्पेशल न्यायाधीश जबलपुर, श्रीमती दिव्यागंना जोशी , स्पेशल न्यायाधीश बैतूल, राजीव पालीवाल अतिरिक्त जिला सत्र न्यायाधीश महोवा उप्र, आदेश मालवीय द्वितीय अतिरिक्त जिला सत्र न्यायाधीश बैतूल, श्रीमती दीपिका मालवीय तिरिक्त जिला सत्र न्यायाधीश बैतूल, नरेश मीणा षष्टम न्यायाधीश छतरपुर, श्रेया गरववर जेएमएफसी राजगढ़, गौरी सक्सेना जेएमएफसी छतरपुर, वेदांत दीक्षित जेएमएफसी दतिया का सम्मान किया गया। इनके अलावा अधिवक्ता संघ को कुर्सियां प्रदान करने वाले समाजसेवी राकेश फौजदार, हरि शर्मा, लक्ष्मण बैस , कपिल फौजदार, सुलभ अग्रवाल,कौशल अग्रवाल और मुन्ना लाल जैन आदि का सम्मान सचिव मनोज जराठे ने किया। कार्यक्रम में चुनाव संपन्न कराने वाले चुनाव पर्यवेक्षक जफर इकबाल न्यायाधीश व सुशील गोयल वरिष्ठ अधिवक्ता , चुनाव अधिकारी सुरेन्द्र सिंह राजपूत , सहायक चुनाव अधिकारी राजेश अग्रवाल, नीतेश गौर,अभिषेक शुक्ला, प्रशांत पालीवाल, संजेश राजपूत को भी सम्मानित किया।

उषा मरावी ने लिया सिवनी मालवा थाने का चार्ज

सिवनी मालवा। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए नर्मदापुरम जिले के पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गुरु करण सिंह के आदेश पर पांच थानों के थाना प्रभारियों का स्थानांतरण किया गया। जिसमें सिवनी मालवा के थाना प्रभारी सज्जन सिंह मुकाती का प्रमोशन होकर भोपाल भेजा गया है उनकी जगह उषा मरावी सिवनी मालवा थाना प्रभारी नियुक्त की गई है, उषा मरावी पहले भी सिवनी मालवा थाना प्रभारी रह चुकी हैं। वहीं रमजु उईके यातायात थाना प्रभारी नर्मदा पुरम, विजय सनस को थाना प्रभारी स्टेशन रोड पिपरिया,कंचन सिंह ठाकुर को थाना प्रभारी सोहागपुर, नन्हे वीर सिंह को प्रभारी नियंत्रण कक्ष नर्मदा पुरम प्रशासनिक दृष्टिकोण से रिक्त स्थान की पूर्ति करते हुए, अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक पदस्थ किया गया है।

ग्रीष्मकाल में पेयजल आपूर्ति संबंध में कलेक्टर ने जारी किए दिशा निर्देश

विदिशा , दोपहर मेट्रो

मुख्य सचिव द्वारा दिए गए निर्देशों पर ग्रीष्मकाल में जिलों में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्थाओं के संबंध में आज भोपाल द्वारा आयोजित व्हीसी के माध्यम से आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे।उपरोक्त बैठक में ग्रीष्मकाल के दौरान जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति के प्रबंध सुनिश्चित कराए जाने हेतु क्या-क्या तैयारी की गई हैं के संबंध में संवाद के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। ग्रीष्मकाल में ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या उत्पन्न होती है तो इस हेतु हैंड पंप के खनन सहित अन्य जल स्रोतों के माध्यम से पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए। बैठक में नगरीय क्षेत्र में भी जिन क्षेत्रों में पानी की समस्या है वहां पर पहले से ही चिन्हांकन कर टैंकरों से पानी के टैंकर उपलब्ध कराए जाने के संबंध में निर्देश दिए गए हैं। विदिशा के एनआईसी व्हीसी कक्ष में कलेक्टर श्री बुद्धेश कुमार वैद्य, जिला पंचायत सीईओ डॉ. योगेश भरसट सहित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यांत्रिक श्री एसके साल्वे व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

पेयजल आपूर्ति के संबंध में दिए निर्देश

कलेक्टर ने ग्रीष्मकालीन सत्र के दौरान विदिशा जिले में कहीं भी पेयजल की समस्या उत्पन्न ना हो इस हेतु अपने चेंबर में आयोजित बैठक में पीएचई विभाग के अधिकारियों समेत अन्य अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये हैं। उन्होंने जिला व जनपदवार शिकायत निवारण प्रकोष्ठ गठित करने के लिए कहा है जिले के नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में चिन्हांकन कर पूर्व में ही एक्शन प्लान तैयार कर लें।

समाज सेवी डॉ. तोमर ने अवैध शराब खरीद-फरोख्त पर रोक लगाने ज्ञापन सौंपा

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

जैसे पवित्र शहर में शराब के अवैध उत्पादन-बिक्री को रोकने के लिए डॉ. मयंक तोमर ने आबकारी अधिकारी अरविंद सागर से मुलाकात की और उन्हें एक ज्ञापन दिया और इस गंभीर मुद्दे पर उनका ध्यान आकर्षित किया कि लोग अवैध रूप से शराब का उत्पादन और बिक्री कर रहे हैं जो आम जनता के लिए सिरदर्द बन गई है। रेलवे स्टेशन, स्लम एरिया ही नहीं बल्कि मुहल्लों में भी एक बड़ी समस्या बन गई है जिसका जल्द से जल्द समाधान किया जाना चाहिए।

मेट्रो एंकर

6 दिवसीय कार्यक्रम में सभी ने नए अनुभव प्राप्त किए

जीवन जीने की कला सीखने के लिए 'हैप्पीनेस' जरूरी

हैप्पीनेस प्रोग्राम

नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो

शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में 16 मार्च को हैप्पीनेस कोर्स के छः दिवसीय आयोजन का सफलतापूर्वक समापन हुआ। तनाव रहित 6 दिवसीय कार्यशाला की सफलता के पश्चात जीवन जीने की कला सीखने के लिए हैप्पीनेस कोर्स की भी छः दिवसीय यात्रा अद्भुत सफलता के साथ रही। आर्ट ऑफ़ लिविंग के द्वारा संचालित यह कार्यक्रम प्रतिदिन महाविद्यालय में दो शिफ्ट में चला एवं प्रत्येक दिन सभी के नए अनुभव रहे जिसमें तनाव से मुक्ति के साथ-साथ आध्यात्मिकता, श्वासों की प्रक्रियाओं के द्वारा स्वास्थ्य का सुधार एवं सुदर्शन क्रिया के साथ आत्मविश्वास, ध्यान के साथ मन की स्थिरता एवं एकाग्रता पर बल दिया गया। महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं ने इस प्रशिक्षण में भाग लेकर स्वयं को लाभान्वित किया। प्राचार्य डॉ ओ एन चौबे ने बधाई देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से जीवन में सकारात्मकता बढ़ती है विषम परिस्थितियों का सामना करते हुए मानसिक संतुलन बनाए रखने की क्षमता विकसित होती है।

डॉ प्रीति उदयपुरे ने कहा कि मैं इस कोर्स के द्वारा स्वयं को एक अप्रतिम आनंद से भरपूर पा रही हूं। डॉ ममता गर्ग ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि इस कोर्स में मैंने वर्तमान के महत्व को समझा और सांसों की प्रक्रिया के द्वारा अपने स्वास्थ्य को कैसे ठीक रखा जा सकता है यह जाना।डॉ संध्या गौर ने कहा मैं अपने स्वास्थ्य में सुधार देख रही हूं जिससे कई दिनों से मैं परेशान थी। डॉ सविता मानेकर ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि मैं अपनी गृहस्थी एवं कार्य क्षेत्र में संतुलन रख पा रही हूं जो कुछ दिनों पहले मेरे लिए मुश्किल था।

आर्ट ऑफ़ लिविंग प्रशिक्षका डॉ निहारिका भावसार को प्राचार्य डॉ चौबे ने पुनः एवं शीघ्र इस कोर्स को महाविद्यालय में करने की अनुशंसा की और अगले हैप्पीनेस प्रोग्राम की घोषणा तारीख़ 15 अप्रैल से 20 अप्रैल की गई। कार्यक्रम के समापन में डॉ एस सी हर्ने, डॉ संजय चौधरी, डॉ बोहरे, डॉ वाधवा, डॉ दीवान, डॉ मीना कीर, डॉ यासमीन खान, मंजुला भूमरकर ,शबनम कुरैशी, मनीषा, रीना सक्सेना, रिनू वर्मा, मेघा रावत, मान्या उदयपुरे, खुशी नागर, रागिनी , सोफिया आदि की उपस्थिति रही।

दोपहर मेट्रो
Help Line
राम राजा सरकार जागरण ग्रुप
Arc & Structure
New Age Building Construction & It's Solution
- All type of Planning Work
- Residential, Commercial & Industrial Projects
- Structural, Elevation (2D & 3D) & Interior Designing
- Estimation & Costing Work
101, First Floor, Eco Heights, B- Sector Sarvdharm, Kolar Road Bhopal (M.P.)

जुमे की नमाज अदा करने के लिए हजारों हाथों ने एक साथ दुआ की

सिरोंज। रमजान का पवित्र महीना चल रहा है। शुक्रवार को जुम्मे की नमाज अदा करने के लिए नगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज जन पहुंचे और उन्होंने एक साथ मस्जिदों में पहुंचकर खुदा से अमन चैन व शांति की दुआ की है। रमजान के पवित्र महीने में मुस्लिम समाज जनों के द्वारा रोजा रखकर पांच वक्त की नमाज अदा की जा रही है साथी विशेष प्रार्थना भी की जाती है यह विशेष महीना मुस्लिम समाज के लिए होता है। जिसमें छोटों से लेकर बच्चों व बूढ़े भी पूरे उत्साह के साथ रोजे रखकर पांचो टाइम की नमाज के साथ पूरी श्रद्धा से रोजा रखकर खुदा की इबादत कर रहे हैं। दूसरी ओर रोज अवतार से संबंधित दुकानें भी बजरिया में लग रही है जहां पर शाम 6 बजे से ही रोजेदारों के द्वारा सामग्री खरीदना प्रारंभ कर दिया जाता है।

छोटे तौल कांटों पर अभी भी किसानों को चूना लगाने का किया जा रहा है काम

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

कृषि उपज मंडी में अनाज चोरी थमाने का नाम नहीं ले रही है। मंडी पहले से बदनाम इस वजह से अधिकांश किसान दूसरी मंडियों में अपनी उपज विक्रय करने के लिए जा रहे हैं। अनाज चोरी को लेकर विधायक, एसडीएम भी कई बार कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दे चुके हैं फिर भी अनाज चोरी के खेल पर रोक नहीं लग पा रही है नए-नए तरीके आए अपना आकर किसानों को चूना लगाने का काम किया जा रहा है। अभी भी आनाज चोरी की जा रही है। इलेक्ट्रॉनिक तोल कांटे जहां पर छोटे-छोटे किसानों की तोल होती है वहां पर जगह बनाकर किसानों के अनाज पर दांडी करने का काम किया जा रहा है। शनिवार को बिषेपुर के किसान भगत ने इनकी चोरी पकड़ी।

जल संकट को लेकर सिरोंज एसडीएम हर्षल चौधरी की बड़ी कार्यवाही

बिना अनुमति किया जा रहा बोर, जल संकट को लेकर क्षेत्र हुआ अभावग्रस्त घोषित

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

जल संकट को लेकर जिला एंव स्थानीय प्रशासन पूरी तरह सख्त है। जल का अपवह रोकने के लिए प्रशासन ने काफी कडें नियम लागू किए है। इसी क्रम में एसडीएम हर्षल चौधरी को इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति की जानकारी मिली तो उन्होने सख्त कार्यवाही करते हुए मौके पर एक टीम भेजी। नगर के वार्ड क्रमांक 02 पालीवाल कॉलोनी में एक व्यक्ति द्वारा प्रशासन की बगैर अनुमति के बोरिंग मशीन द्वारा अपने निवास पर बोर कराया जा रहा था। जैसे ही इसकी भनक एसडीएम हर्षल चैधरी को लगी तो उन्होने तत्काल नायब तहसीलदार ललित सक्सेना को पुलिस बल के साथ उक्त स्थान पर भेजा। लेकिन जैसे ही टीम उक्त स्थान पर पहुची तो टीम के आने से पहले ही बोरबेल मशीन आधा गडडा खोदकर बोरबेल करने वाला व्यक्ति मशीन लेकर भाग निकला। वही नायब तहसीलदार श्री सक्सेना द्वारा उक्त स्थान का पंचनामा बनाकर एसडीएम हर्षल चैधरी को अपनी रिर्पोट सौपी। वही एसडीएम हर्षल चैधरी ने बताया कि इस मामले को हमने काफी गंभीरता से लिया है। उक्त मामले की जांच कर कडी कार्यवाही की जाएगी।

सम्पूर्ण क्षेत्र में अभाव ग्रस्त घोषित

इस वर्ष सिरोंज क्षेत्र सहित सम्पूर्ण जिले में कम वर्षा होने के कारण आने वाले समय में नागरिको को जल संकट का सामना न करना पडें इसको लेकर स्थानीय प्रशासन से लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सख्त नजर आ रहा है। वही समस्या से निपटने के लिए विदिशा जिला कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने सम्पूर्ण जिले में मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 3 के अंतर्गत जल अभाव ग्रस्त घोषित कर दिया है। वही एसडीएम हर्षल चैधरी ने नगर में जल संकट को लेकर बताया कि विदिशा जिले में बरसात कम होने के कारण पूरे जिले में ही जल संकट है। वही इस जल संकट से निपटने के लिए नपा,पीएचई विभाग ने काफी हद तक तैयारी कर ली है। वही उन्होने कहा कि जिले कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 3 के अंतर्गत जल अभाव ग्रस्त घोषित कर दिया है। इस संबध में उन्होने जो आदेश जारी किया है उस आदेश का पालन शक्ति से किया जाएगा। वर्तमान एंव आगामी ग्रीष्म ऋ्तु में जनता के लिए पीने के पानी एंव निस्तार की आवश्यकता पूर्ति के लिए जल उपलब्धता सुनिश्चित की जाना है। जिसमें कुओं एंव नलकूपों का जल स्तर अत्यिधिक नीचें चले जाने के कारण पेयजल एंव निस्तार के लिए जल आरक्षित रखने के कारण खनन का प्रतिबंध कलेक्टर विदिशा ने आदेश जारी किया है।

एसडीएम ने भेजी मौके पर टीम, आधा गड्डा कर भागा बोरिंग मशीन चालक

बिना अनुमति के सिंचाई के लिए भी नही किया जाएगा जल का उपयोग

जल संकट को देखते हुए कलेक्टर विदिशा द्वारा सम्पूर्ण जिले में जल अभावग्रस्त घोषित कर दिया गया है। इसको लेकर किसी भी व्यक्ति को जल स्त्रोत, नदी, जलधारा, जलाशय, बंधान,तालाब आदि से सिचांई या अन्य औद्योगिक प्रयोजन के लिए उपयोग में जल का उपयोग करने कि लिए अनुमति लेना होगा और किसी भी निजी नलकूप खनन नही किया जाएगा। साथ ही सतही जल स्त्रोत नदी–नाले के डाउन स्टीम में सतह के नीचे भूमिगत बहाब रोकने,कलेक्टिंग पाईप रेडियल कलेक्टर बेल का उपयोग कर जल का उपयोग नही किया जाएगा। क्षेत्र के पेयजल स्त्रोतो में कुल आवश्यक जल क्षमता के विरूद्व उपलब्ध जल क्षमता कम है। जिसको लेकर पेयजल स्त्रोतो से सिंचाई के प्रयोजन के लिए जल के उपयोग पर प्रतिबन्ध लगाया गया है। साथ ही नदी नालो पर संचालित उद्वहन योजनाओं में पानी की उपलब्ध्ता के आधार पर संबधित ग्राम पंचायत व जल उपभोक्ता संस्था की अनुशंसा और जल संसाधन विभाग के प्रतिवेदन के आधार पर सिचाई की अनुमति दी जाएगी। जिन नदी,नालो में पानी बह रहा है वहा नदी में रूके हुए पानी के लिए कोई अनुमति नही दी जाएगी। वही केन्द्रीय शासन एंव उनके उपक्रमों और राज्य शासन के विभागों को नलकूप खनन की छूट इस शर्त पर दी जाएगी कि जिस स्थान पर नलकूप खनन किया जा रहा है। वह स्थान मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 6 के अनुसार व्यतिकरण परिक्षेत्र में नही आता हो। साथ ही उस स्थल के 100 मीटर के भीतर कोई ऐसा नलकूप न हो जिस पर सार्वजनिक जल प्रदाय व्यवस्था आधारित हो। उक्त शर्त के पालन की जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी। इन उपवादो में अतिरिक्त जल अभाव ग्रस्त घोषित किया जाता है।

व्यापार के लिए नहीं किया जाएगा नदी,बांध,नहर व जलाशयों के जल का उपयोग

क्षेत्र में स्थिति नदी,बांध,नहर,जलाशयों से घरेलू प्रयोजन के अतिरिक्त किसी अन्य प्रयोजन के लिए पानी का उपयोग नही किया जा सकेगा। यदि कोई व्यक्ति आदेश का उल्लंघन कर नलकूप खनन करता है तो उक्त व्यक्ति पर अधिनियम की धारा 9 के अन्तर्गत 2 वर्ष के कारावास या जुर्माने से जो दो हजार रूपये तक का हो सकेगा या दोनो से दण्डनीय होगा। यदि कोई भी व्यक्ति प्रतिबंधित क्षेत्र में सिंचाई अथवा औद्योगिक प्रयोजन के लिए पानी के उपयोग की अनुमति चाहता है तब वह अधिनियम की धारा 4 व संबंधित नियमों के अन्तर्गत आवेदन संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी को प्रस्तुत कर सकता है। इसी प्रकार कोई व्यक्ति नलकूप खनन की अनुमति चाहता है तो अधिनियम की धारा 6 के अन्तर्गत आवेदन उक्त प्राधिकृत अधिकारी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अधिनियम के प्रावधानों के अन्तर्गत नवीन बोरिंग खनन – बोरिंग सफाई के विशेष परिस्थितियों में अनुमति देने संबंधित अधिकार निम्नानुसार अधिकारियों को प्रत्यायोजित किया जाता है। वही एसडीएम हर्षल चैधरी ने कहा कि यह आदेश क्षेत्र में अच्छी वर्षा होने तक प्रभावशील रहेगा तथा आदेश का कड़ाई से पालन किया जाएगा।

विधायक शर्मा बने चिकित्सा महाविद्यालय की सामान्य सभा में नामांकित सदस्य

सिरोंज। मध्य प्रदेश चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित स्वशासी अटल बिहारी वाजपेई शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय विदिशा की सामान्य सभा मेंं मध्य प्रदेश शासन के द्वारा सिरोंज लटेरी विधायक उमाकांत शर्मा को नामांकित सदस्य वनाया गया है जिसको लेकर विधायक श्री शर्मा के द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, चिकित्सा शिक्षा मंत्री सहित सहित प्रदेश पदाधिकारी को धन्यवाद दिया एवं आभार माना।

इमलानी सड़क की तराई नहीं होने से जगह-जगह से उधड़ रही

सिरोंज। एमपी आरडीसी विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के कारण सड़क बनने के साथ ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती हुई दिखाई दे रही है। बड़ी मुश्किल से तो इमलानी मार्ग का निर्माण हो रहा रहा पिछले दिनों जहां पर सीसी सड़क बनाने के बाद ठेकेदार के द्वारा तराई का काम नहीं किया इस वजह से सड़क जगह से क्षतिग्रस्त होने लगी है। एक दिन पहले भी तराई नहीं होने की खबर प्रकाशित की थी इसके बाद तराई कराई गई पर पहले ही सड़क पर ध्यान नहीं देगा इस वजह से वहां चटक ने लगी है, अब तराई करने का भी फायदा सड़क पर होते हुए दिखाई नहीं दे रहा है,। जिम्मेदारियां को घटिया काम करने वाले ठेकेदार पर कार्रवाई करते हुए फिर से सड़क का निर्माण करवाना चाहिए। रहवसियों ने बताया कि तराई नहीं करने का नतीजा अभी से दिखाई दे रहा है। अब आगे चलकर क्या होगा जब अभी रोड चटकने लगा तो आगे चलकर रोड पूरा गढ़ों में तब्दील हो जाएगा ठेकेदार की लापरवाही सजा लोगों को भगत नहीं पड़ेगी कई सालों के बाद सड़क का निर्माण हो रहा है पर इसमें भी गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है सीसी डालने के बाद तलाई नहीं हो रही है इस वजह से यह रोड अभी से चटकने लगा जबकि पिछले दिनों एसडीएम ने सड़क का जायजा लेकर गुणवत्ता के साथ काम करने के निर्देश दिए पर उनके निर्देश भी हवा में उड़ाए जा रहे हैं।

गरीबों के राशन को हड़पने वालों पर प्रशासन नहीं कर रहा कारर्वाई

दूसरी बार युवा कांग्रेस ने तहसीलदार को दिया ज्ञापन

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

विकासखंड में बड़े स्तर पर राशन की कालाबाजारी खुलेआम राशन को भेजने का काम किया जा रहा है खाद्य पूर्ति विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की संरक्षण में यह सब संभव हो रहा है तभी तो शिकायतों पर भी कार्रवाई नहीं की जा रही है।गरीबों की थाली से अनाज गायब करने वालों पर कार्रवाई के नाम पर खाना पूर्ति की जा रही इस वजह से उनकी हौसले बुलंद है और खुलेआम काला बाजारी के खेल को अंजाम दे रहे हैं। ऐसे कलाबाजारियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर लगातार शिकायत में भी हो रही है युवा कांग्रेस ने एक बार फिर ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह खाद्य पूर्ति अधिकारी की मेहरबानी से हो रहा या फिर इनकी मिली भगत अधिक सेल्समेनों के द्वारा कालाबाजारी की जा रही है, इनको तो अपने हिस्से से मतलब रहता है। वैसे तो हर महीने राशन का वितरण होना चाहिए पर कई सेल्समैनों के द्वारा ऐसा ना करते हुए तीन-चार महीने में एक बार राशन बताकर बाकी महीने के राशन को गोलमाल करके गरीबों के आपका राशन को खुले बाजार में बेचकर इस खेल को अंजाम दिया जा रहा है जिसकी जानकारी नीचे से लेकर ऊपर तक के जिम्मेदारों को है पर सब अंजान बने हुए हैं।

कार्रवाई नहीं करेंगे तो हम दूसरा विकल्प देखेंगे कांग्रेस

शनिवार को युवा कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष जितेंद्र बघेल ने कांग्रेसियों के साथ एसडीएम के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार संजय चैरसिया को देते हुए कहा कि बड़े स्तर पर राशन की कालाबाजारी की जा रही है। हमारी शिकायत पर आज तक प्रशासन के द्वारा किसी भी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की गई इस वजह से गरीबों के साथ निरंतर छल किया जा हैं इसके बाद भी ऐसे सेल्समैनों पर किसी भी तरह की कार्रवाई की गई जिनके द्वारा खुलेआम गरीबों के राशन को खुले बाजार में बेचकर गोलमाल किया जा रहा है। हर महीने राशन न देकर अधिकांश गरीबों के हिस्से के राशन को फर्जी तरीके से अंगूठा लगवा कर एक महीने का राशन देकर 3महीने का राशन रिकॉर्ड में चला दिया जाता है। जिसके कारण गरीब आज भी राशन पानी के लिए दर-दर की ठोका खा रहे हैं। दूसरी ओर क्षेत्र के कई सेल्समैन करोड़पति बन गए हैं,इस वजह से बन गए हैं जबकि इनका 10000 वेतन तथा कमीशन मिलता है फिर भी इनके पास करोड़ों की संपत्ति भी अर्जित हो गई है या संपत्ति कहां से आई इसकी भी जांच प्रशासन के द्वारा नहीं कराई जा रही है।युवा कांग्रेस ने मांग करते हुए कहा कि शीघ्र ही इन सभी राशन की दुकानों की उचित जांच कर कर गरीबों के हक के राशन को गोलमाल करने वालों पर कार्रवाई नहीं की गई तो युवा कांग्रेस के द्वारा दूसरे विकल्पों पर भी विचार करना पड़ेगा जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी पहले भी हमारे द्वारा शिकायत की गई पर जिम्मेदारियां ने अनदेखा करते हुए आज तक जांच भी नहीं करवाई दोषियों पर किसी भी तरह की कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इस दौरान लक्ष्मण कुशवाहा, अंकित के साथ बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

कारी हसन साहब का निधन, हजारों लोगों ने जनाज़े में शिरकत की

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

शहर की जानी-मानी हस्ती कारी हसन साहब, गाज़ी बली अहमद चिश्ती के छोटे भाई थे जिनका शुक्रवार की शाम अपने घर पर निधन हो गया जिसके बाद सिरोंज शहर एवं क्षेत्र वासियों में शोक की लहर पैदा हो गई और शहर में गम गीन माहौल बन गया कारी हसन साहब लगभग 2 महीने से अचानक बीमारी के कारण कोमा में चले गए थे दो रोज पूर्व ही कारी हसन साहब को भोपाल असपताल से अपने घर सिरोज बड़ी फाटक लाया गया था जहाँ शुक्रवार को उनका निधन हो गया कारी हसन साहब की जनाजे की नमाज दोपहर 3:00 बजे बिलाल मस्जिद के टीन षेड में अदा होना थी जिसमें आसपास से हजारों लोग आने की वजह से जगह का बदलाव कर तालाब ग्राउंड में नमाज़ अदा की जिसमे हजारों की संख्या में लोगों ने शिरकत की मध्यप्रदेश सहित राजिस्थान के लोग तक कारी साहब के दफ़न में शरीक हुये एडवोकेट शोयेब खांन ने बताया के कारी हसन साहब बड़े ही ने थे और हसमुख स्वबाव केव व्यक्तिव के धनी थे उनके ताल्लुक बहुत वासीय थे इसलिए उनके जनाज़े में हजारों लोगों ने शिरकत की सिरोंज में पहली बार किसी शख्स के जनाज़े में इतने लोगों ने शिरकत की गई है।

मेट्रो एंकर

बूथ विजय संकल्प अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ताओ की बैठक हुई आयोजित

पार्टी का मार्गदर्शन हमारे लिए सब कुछ है : विधायक उमाकांत

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

देश आज मोदी जी के नेतृत्व बहुत तेज गति से विकास की दिशा में आगे बड रहा है लेकिन आज भी कई विरोधी ताकते मोदी को हराने के लिये हर संभव प्रयास करने में लगी हुई है आज हमें सच्चा भाजपाई बनकर ईमान दारी से काम करके विरोधी ताकतो को मॅूह तोड जबाव देना हे साथ ही मोदी जी को दोबरा देश का प्रधानमंत्री बनाना है उक्त बात विधायक उमाकांत शर्मा ने बूथ विजय संकल्प अभियान के तहत निजी गार्डन में आयोजित भाजपा कार्यकर्ताओ की बेठक को संबोधित करते हुए कही वही उन्होने कहा कि एक समय था जब पार्टी संघर्ष कर रही थी लेकिन पार्टी को शिखर पर पहुंचाने में लाखो कार्यकर्ताओ ने अपना खून पसीना बहाया है वही उन्होने कहा कि आज लोकसभा की तारीखो का भी ऐलान हो गया है एवं भाजपा के द्वारा हमारे लोक सभा प्रत्याशी के तौर पर लता वानखेडे को प्रत्याशी बनाया है अब हमें पूरी ताकत साथ सभी जनप्रतिनिधियो , मंडल पदाधिकारियो के साथ प्रत्येक कार्यकर्ता को युद्व स्तर पर चुनाव में जुटने का समय है वही उन्होने इस 400 पार का नारा भी दिया वही कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती , दीनदयाल उपाध्याय , श्यामाप्रसाद मुखजी के चित्र पर माल्यपर्ण से की गई इस दौरान लोक सभा विस्तार राहुल मारन, मनमोहन साहू,रमेश यादव, सहित बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

बूथ प्रमुखो से विधायक शर्मा ने की चर्चा

बैठक के दौरान विधाायक उमाकांत शर्मा ने बूथ प्रमुखो से बातचीत की तथा मतदान केन्द्र की स्थितियो की जानकारी भी ली जिसमें उन्होने कहा कि पार्टी हमारी मां और पार्टी का मार्गदर्शन ही हमारे लिये सब कुछ पार्टी ही है और पार्टी के दिशा निर्देश के अनुसार ही हमें अपने काम को आगे बडाना है वही उन्होने मंडल अध्यक्षो से भी बात जिसमें मंडल अध्यक्षो के द्वारा उनके द्वारा किये जा रहे कार्यो का प्रतिवेदन एवं भविष्य की रणनीति को लेकर भी सवाल जबाव कियें।

Life&Style

क्या आपके साथ भी ऐसा होता है कि मजेदार और लजीज खाना देखकर आप अपने मन को कंट्रोल नहीं कर पाते हैं और भले ही पेट में जगह कम हो लेकिन प्लेट भरकर खाना खा लेते हैं. इसी ज्यादा खाने की हैबिट को ओवर ईटिंग कहा जाता है, जो शरीर पर काफी गलत इफेक्ट डालती है और वेट गेन के अलावा इससे कई सारी शारीरिक समस्या भी हो सकती है। जब आप जल्दी-जल्दी खाना खाते हैं तो आप जरूरत से ज्यादा खाना खा लेते हैं, जिसे ओवर ईटिंग कहा जाता है. लेकिन अगर आप धीरे-धीरे अच्छी तरह से चबाकर खाना खाते हैं, तो आप ओवर ईटिंग करने से बचते हैं और इससे खाना अच्छी तरह से डाइजेस्ट भी होता है। हर एक मील के बाद आपको कम से कम 4 से 5 घंटे का गैप जरूर रखना चाहिए, क्योंकि हर 2 घंटे में खाना खाने से आप ओवर ईटिंग कर सकते हैं...

क्या आप भी ओवर ईटिंग से हैं परेशान आदत को करें कंट्रोल

खाने में बैलेंस डाइट जरुरी

क्या आप भी उन लोगों में से हैं जिन्हें ओवर ईटिंग करने की आदत है, यानी कि आप कई बार जरूरत से ज्यादा खाना खा लेते हैं और बाद में आपको गिल्ट होता है, तो जानें ओवर ईटिंग को कैसे कंट्रोल कर सकते हैं. खाना खाते समय आपको पोर्शन डाइट पर ध्यान देना चाहिए कि आप कितनी रोटी या चावल खा रहे हैं, कितनी मात्रा में सब्जी का सेवन कर रहे हैं और कितना सलाद खा रहे हैं. यह पोर्शन बहुत जरूरी होता है, क्योंकि जब आप एक बैलेंस डाइट लेते हैं तो आप ओवर ईटिंग करने से बचते हैं और आपको सभी जरूरी पोषक तत्व मिलते हैं। आयुर्वेद के अनुसार भी खाने को पचने में कम से कम 4 से 5 घंटे का समय लगता है, ऐसे में आपको एक मील के बीच में इतना गैप जरूर रखना चाहिए।

फाइबर युक्त खाना खाना चाहिए

ओवर ईटिंग से बचने के लिए आपको फाइबर युक्त खाना खाना चाहिए, क्योंकि फाइबर का सेवन करने से पेट लंबे समय तक भरा हुआ महसूस होता है और इससे बार-बार भूख नहीं लगती है. फाइबर युक्त खाने में आप बीन्स, हरी या रेशेदार सब्जियां, ओट्स, फल को अपनी डाइट में जरूर शामिल करें।

जब आप जल्दी-जल्दी खाना खाते हैं तो आप जरूरत से ज्यादा खाना खा लेते हैं, जिसे ओवर ईटिंग कहा जाता है, लेकिन अगर आप धीरे-धीरे अच्छी तरह से चबाकर खाना खाते हैं, तो आप ओवर ईटिंग करने से बचते है...

इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी ने 21-12, 10-21, 21-15 से हराया

लक्ष्य सेन ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन का सेमीफाइनल हारे

बर्मिंघम, एजेंसी

भारत के स्टार शटलर लक्ष्य सेन ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट का सेमीफाइनल मुकाबला हार गए हैं। उन्हें इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी ने तीन गेम तक चले मुकाबले में 21-12, 10-21, 21-15 से हराया। लक्ष्य की हार के साथ ही टूर्नामेंट के मौजूदा सीजन में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई है। लक्ष्य सेन 2 साल पहले इस टूर्नामेंट का फाइनल हार गए थे। उन्हें विक्टर ऐक्सल्सन ने 21-10, 21-15 से हराया था।

वापसी के बाद मैच नहीं बचा सके लक्ष्य

एक घंटा 22 मिनट तक चले मुकाबले में लक्ष्य सेन पहला ही गेम 21-10 से गंवा बैठे और मैच में 0-1 से पिछड़ गए। भारतीय शटलर ने दूसरे गेम को 21-10 से जीतते हुए जोरदार वापसी की। लेकिन तीसरे और निर्णायक गेम में 21-14 से हार गए।

YONEX
YONEX

125 साल पुराना है टूर्नामेंट का इतिहास, भारत को 22 साल से खिताब का इंतजार

125 साल पुराने इस टूर्नामेंट में भारत को पिछले 23 साल से खिताब का इंतजार है। आखिरी टाइटल फुलेला गोपीचंद ने 2001 में जीता था। गोपीचंद से पहले प्रकाश पादुकोण ने साल 1980 में पहली बार जीता था। हालांकि पीवी सिंधु साल 2015 और लक्ष्य सेन साल 2022 में टूर्नामेंट के फाइनल तक पहुंच चुके हैं, लेकिन जीत नहीं सके। ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप की शुरुआत 1899 में हुई थी। तब से अब तक बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन इसका आयोजन करा रहा है।

युवराज की टीम ने रॉबिन उथप्पा की राजस्थान को किया ढेर

नॉटिंघम, एजेंसी

लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी 2024 का 16वां मैच श्रीलंका के पल्लेकेले स्टेडियम में न्यूयॉर्क सुपरस्टार स्ट्राइकर्स और राजस्थान किंग्स के बीच खेला गया. न्यूयॉर्क सुपरस्टार स्ट्राइकर्स के कप्तान युवराज सिंह ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया. राजस्थान की टीम निर्धारित 15 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 150 रन बना पाई. वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूयॉर्क की टीम ने 17 गेंद शेष रहते 7 विकेट से इस मैच को जीत लिया है.

राजस्थान किंग्स ने बनाए 150 रन: राजस्थान किंग्स के सलामी बल्लेबाज, कप्तान रॉबिन उथप्पा और जलज सक्सेना जल्दी अपना विकेट गंवा बैठे. उसके बाद हैमिल्टन मसाकादजा और चतुरंगा डी सिल्वा ने क्रमशः 30 रन और 39 रन की पारी खेली. उनके अलावा एंजेलो परेरा ने 15 गेंद में 26, पी ट्रेगो ने 12 गेंद में 28 और एशले नर्स ने 8 गेंद में 19 रन की तेजतर्रार पारी खेलते हुए टीम को 150 रन के स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई. वहीं न्यूयॉर्क सुपरस्टार स्ट्राइकर्स की ओर से उडाना ने बेहद शानदार गेंदबाजी की. उन्होंने 4 ओवर में मात्र 21 रन देकर 3 विकेट चटकाए।

न्यूयॉर्क सुपरस्टार स्ट्राइकर्स ने एकतरफा अंदाज में जीता मैच: न्यूयॉर्क सुपरस्टार स्ट्राइकर्स को चैडविक वॉल्टन और अल्वीरो पीटरसन ने शानदार शुरुआत दिलाई. विशेष रूप से वॉल्टन बहुत खतरनाक अंदाज में खेलते हुए दिखाई दिए. उन्होंने मात्र 29 गेंद में 81 रन की धुआंधार पारी खेली, जिसमें 9 चौके और 6 छक्के शामिल रहे. वहीं कप्तान युवराज सिंह ने भी 15 गेंद में 22 रन की पारी खेली, जिसमें उन्होंने 2 चौके और एक छक्का भी लगाया. दूसरी ओर शादाब जकाती के अलावा राजस्थान किंग्स के सभी गेंदबाजों ने 10 से ज्यादा के इकॉनमी रेट से रन लुटाए।

भारत में नहीं खेला जा सकेगा आईपीएल लीग का दूसरा चरण!

नईदिल्ली, एजेंसी

लोकसभा चुनाव को देखते हुए बीसीसीआई आईपीएल 2024 के दूसरे चरण का आयोजन भारत से बाहर करने पर विचार कर रहा है। हालांकि अभी इसको लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। चुनाव की तारीख घोषित होने के बाद ही बीसीसीआई अंतिम निर्णय ले सकता है। इंडियन प्रीमियर लीग का 17वां सीजन जल्द शुरू होने वाला है। लोकसभा चुनावों के चलते इस बार आईपीएल 22 मार्च से 26 मई के बीच खेला जाएगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने चुनावों के मद्देनजर शुरुआती दो हफ्तों का कार्यक्रम घोषित किया है। बीसीसीआई बाकी का शेड्यूल चुनावों की घोषणा के बाद जारी करेगा। लेकिन अब खबर आ रही है कि बोर्ड आईपीएल 2024 के दूसरे चरण का आयोजन भारत से बाहर करने पर विचार कर रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक बीसीसीआई के कुछ सीनियर अधिकारी इस समय यूएई के दौरे पर हैं और बचा हुआ टूर्नामेंट वहां आयोजित किया जा सकता है। यह फैसला इसलिए लिया जा रहा है क्योंकि लोकसभा चुनाव के तारीख आईपीएल के दूसरे चरण से टकरा सकती हैं। लोकसभा चुनाव की घोषणा आज यानि 16 मार्च को हो सकती हैं। इसपर अंतिम फैसला चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद ही लिया जाएगा। बीसीसीआई लीग को भारत में ही आयोजित करना चाहता था। इससे पहले आईपीएल के चेयरमैन अरुण धूमल ने अपने बयान में कहा था कि आईपीएल 2024 का पूरा टूर्नामेंट भारत में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा तह कि आईपीएल का इस बार का शेड्यूल लोकसभा चुनाव को देखते हुए तैयार किया जाएगा। लेकिन लगता है अब बात बनती नहीं दिख रही है। गौरतलब है कि इस साल मार्च से मई के बीच आम चुनाव होने हैं। ऐसे में आईपीएल के मुकाबले और चुनावों के दौरान सुरक्षा इंतजामों में संतुलन बना रहे।

मेट्रो एंकर

9 जून को होगा भारत और पाकिस्तान के बीच महामुकाबला

20 टीमों के बीच 9 जगहों पर कुल 55 मुकाबले खेले जाएंगे, 19 मार्च से शुरू होगी टिकट बिक्री

मुंबई, एजेंसी

1 जून 2024 से शुरू होने वाले क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट के महासंग्राम के लिए टिकटों के बिक्री शुरू हो चुकी है. 20 टीमों के बीच 9 जगहों पर कुल 55 मुकाबले खेले जाएंगे. जिसमें से 37 मैचों के लिए पहले से ही टिकटों की बिक्री शुरू हो चुकी है. 13 मुकाबलों के लिए टिकटों की बिक्री 19 मार्च से शुरू होगी. वेस्टइंडीज और अमेरिका क्रिकेट बोर्ड आने वाले मंगलवार को रिलीज करेंगे. भारतीय टीम को अपना पहला मुकाबला 5 जूम को आयरलैंड के साथ खेलना है लेकिन दुनियाभर के क्रिकेट फैंस की नजरें 9 जून को भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले महामुकाबले पर लगी होंगी. टी20 वर्ल्ड कप 2024 के दौरान खेले जाने वाले सभी मुकाबलों के लिए सबसे सस्ती टिकट 6 डॉलर में उपलब्ध होगी. हालांकि 6 डॉलर वाले टिकट सिर्फ वेस्टइंडीज की सरजमीं पर खेले जाने वाले मुकाबले के लिए मिलेंगी. अमेरिका में जो मुकाबले खेले जाएंगे, उनके लिए सबसे सस्ती टिकट 35 अमेरिकी डॉलर में मिलेगी. इस बार बैलट के जरिए टिकटों के लिए आवेदन मांगे गए हैं और अब तक 3 मिलियन एप्लिकेशन आ चुके हैं. 1 फरवरी से फैंस टिकटों के लिए आवेदन कर सकते थे और अब 13 मुकाबलों के लिए वे 19 मार्च से टिकटों के लिए आवेदन कर पाएंगे।

मनोरंजन **बॉलीवुड का कोना**

एक्टर ने किया खुलासा

फराह से शादी से पहले वीरू दारा सिंग को पिता से मिली थी सलाह

विंदु दारा सिंह बॉलीवुड के जाने माने चेहरे हैं. विंदु ने कई फिल्मों और शोज में काम किया है. एक्टर ने साल 1996 में तब्बू की बहन फराह नाज से शादी की थी. लेकिन दोनों का रिश्ता कुछ समय बाद टूट गया था. अब अपनी एक्स वाइफ को लेकर विंदु ने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में कुछ बातें बताई हैं. विंदु ने ये भी खुलासा किया है कि उनके पिता ने दूसरे धर्म की लड़की से शादी करने से पहले उनके एक चेतावनी दी थी. विंदु दारा सिंह ने हाल ही में सिद्धार्थ कन्नन को दिए इंटरव्यू में अपनी पिछली शादी को लेकर ये खुलासे किए हैं. एक्टर ने बताया कि उनके पिता दारा सिंह ने फराह से शादी करने से पहले उन्हें विचार करने को कहा था. उनका मानना था कि अगर दो अलग धर्मों में शादी करने वाले जोड़े में से कोई भी एक ज्यादा धार्मिक हो जाए तो चीजें बिगड़ने लगती हैं. दारा सिंह ने विंदु से दूसरे धर्म में शादी करने से पहले सोचने-समझने को सलाह दी थी. उन्होंने पिता की इस सलाह को समझदारी से लिया था. इस पर विचार करने के बाद ही उन्होंने फराह से शादी करने का फैसला किया था. विंदु ने बताया था- फराह ने कभी भी धर्म की परवाह नहीं की थी. कभी-कभी अपने परिवार से छिपकर सिगरेट तक पिया करती थीं. जब की उनके परिवार का कोई भी सदस्य स्मोक नहीं करता था।

तलाक के बाद भी फराह संग रखी दोस्ती

विंदु ने बताया कि तलाक के बाद फराह ने उन्हें उनके बेटे फतह से 6 साल तक मिलने तक नहीं दिया था. लेकिन फराह से कोई नाराजगी या दुश्मनी नहीं है. एक्टर ने अपनी एक्स वाइफ की तरीफ करते हुए कहा कि वो एक बहुत अच्छी मां है. भले ही वो फराह से अलग हो गए हों लेकिन उन्होंने हमेशा ही उनके साथ एक दोस्ती का रिश्ता रखा है।

शाहरुख खान बोले- एक वक्त था जब मैं घर बैठकर पिज्जा और रोटियां बनाने लगा था

शाहरुख खान को हाल ही में बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला। जी सिने अवार्ड्स में शाहरुख की फिल्म 'जवान' को बेस्ट फिल्म के अवॉर्ड से भी नवाजा गया। ऐसे में स्टेज पर जब एक्टर अवॉर्ड लेने आए तो उन्होंने अपनी जिंदगी की कुछ पर्सनल बातें भी शेयर की। शाहरुख खान ने अपने अवॉर्ड विनिंग स्पीच के दौरान सभी का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा- मुझे अवॉर्ड जीते हुए कुछ 8-9 साल हो गए हैं। हालांकि इस दौरान मुझे लोगों का प्यार ही प्यार मिल रहा था, लेकिन अवॉर्ड नहीं मिल रहा था। ये बहुत सालों के बाद मेरा पहला अवॉर्ड है। मैं अपनी पूरी पर्सनल टीम को शुक्रिया कहना चाहता हूं। एक छोटी सी पर्सनल बात भी बताना चाहूंगा। चार-पांच साल पहले जब कुछ फिल्में नहीं चली थीं, तो मैं खुद से बुरा मान गया था। उस वक्त मैंने फिल्में करना छोड़ दिया था और घर बैठकर पिज्जा और रोटियां बनाने लग गया। बच्चों के साथ खेलने लग गया। फिर उसके बाद कोविड आ गया था। शुक्रिया सारी जूरी मेंबर का जिन्होंने मुझको बेस्ट एक्टर के लायक समझा.. जब बहुत सालों तक अवॉर्ड नहीं मिला था, तो लगने लगा था कि अब मुझे अवॉर्ड नहीं मिलेगा। हालांकि ये ट्रॉफी देखकर मुझे बहुत खुशी हुई है। मुझे अवार्ड्स बहुत अच्छे लगते हैं, मैं थोड़ा लालची जो हूं। शाहरुख ने बेस्ट एक्टर की ट्रॉफी वाइफ गौरी और अपने बच्चों आर्यन खान, सुहाना खान, अबराम को डेडिकेट की। मजाक में शाहरुख ने दर्शकों को उत्साह से भर दिया।

'मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे' को एक साल पूरा, रानी बोलीं- ये फिल्म दिल के करीब, उठाती रहूंगी जोखिम

बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री रानी मुखर्जी ने बीते कुछ साल कई बेहतरीन फिल्में की, जिन्हें न सिर्फ दर्शकों ने पसंद किया, बल्कि समीक्षकों ने भी खूब सराहा। इन्हीं में से एक फिल्म 'मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे' है, जिसे आज एक साल पूरे हो गए। 'मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे' रानी मुखर्जी के करियर की सर्वश्रेष्ठ फिल्मों में से एक है, जिसमें उनके किरदार की खूब सराहना हुई थी। फिल्म के एक साल पूरे होने के मौके पर रानी ने ऐसी दिल छूने वाली फिल्में के लिए जोखिम उठाते रहने की बात कही। आशिमा छिब्बर के निर्देशन में बनी 'मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे' एक मां के संघर्षों की कहानी है, जो अपने बच्चे को वापस पाने के लिए नॉर्वेजियन सरकार के खिलाफ आवाज उठाती है। फिल्म में देबिका चटर्जी के किरदार को रानी ने पर्दे पर जीवंत कर दिया। इस फिल्म के लिए रानी ने सिर्फ प्रशंसा बल्कि फिल्मफेयर, जी सिने अवार्ड्स जैसे कई पुरस्कार भी जीते। फिल्म के एक साल पूरे होने पर रानी ने कहा, 'मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे' को दुनिया भर के दर्शकों ने पसंद किया। दर्शकों ने इस फिल्म को और मुझे जो प्यार दिया। वह मेरे लिए बेहद खास रहा। फिल्म ऐसे समय में रिलीज हुई थी जब दर्शक थिएटर से दूर थे और बॉक्स ऑफिस बुरे दौर से गुजर रहा था। कोविड के बाद यह पहली सफल फिल्म थी। रानी ने आगे कहा, मैं इस फिल्म को अपने करियर में मील का पत्थर मानती हूं।

करिश्मा ने बताया *'मर्डर मुबारक'* में काम करने का अनुभव, कहा

मुझे विश्वास नहीं होता कि मैंने पहले कभी इतना अनोखा और सनकी किरदार निभाया

मल्टीस्टारर मिस्ट्री थ्रिलर सीरीज 'मर्डर मुबारक' आखिरकार 15 मार्च को ओटीटी पर रिलीज हो चुकी है। फिल्म में करिश्मा कपूर, सारा अली खान, पंकज त्रिपाठी और विजय वर्मा मुख्य भूमिकाओं में नजर आए। सभी कलाकारों की अदाकारी को फैंस ने खूब पसंद किया। वहीं अब, फिल्म में शामिल होने पर करिश्मा कपूर ने खुलकर बात की और अपना अनुभव भी साझा किया। हाल ही में दिए साक्षात्कार में करिश्मा कपूर ने उन दिलचस्प बातों का खुलासा किया, जिन्होंने उन्हें फिल्म की ओर आकर्षित किया। इसके साथ ही निर्देशक होमी अदजानिया ने उनके प्रदर्शन की प्रशंसा की। निर्देशक होमी अदजानिया ने 'मर्डर मुबारक' के लिए कास्टिंग की प्रक्रिया पर चर्चा करते हुए करिश्मा कपूर की प्रतिभा की तारीफ की। होमी अदजानिया ने कहा कि जैसे ही मैंने सभी विचारों पर गौर किया तो लोलो यानी करिश्मा की छवियों ने मेरा ध्यान खींचा और मैं हैरान रह गया। वे समझदार स्वभाव की हैं और मैंने शुरू में उन पर विचार नहीं किया था। हालांकि, मुझे तुरंत लगा कि वे शेहनाज नूरानी की भूमिका के लिए बिल्कुल ठीक होंगी। वहीं करिश्मा कपूर ने भी फिल्म में काम करने का अपना अनुभव साझा किया। फिल्म में अपनी भूमिका पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास नहीं होता कि मैंने पहले कभी इतना अनोखा और सनकी किरदार निभाया है। होमी उस विशेष स्थान और शैली से अच्छी तरह वाकिफ हैं और उनके खास दृष्टिकोण ने मुझे इस फिल्म में काम करने के लिए आकर्षित किया। इसके अलावा ऐसे प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ काम करना मेरे लिए रोमांचक था। 'हम साथ साथ हैं' के बाद मैं इसे अपनी महत्वपूर्ण सामूहिक फिल्म मानती हूं।

संक्षिप्त समाचार

कॉलेज जाने के लिए बस का इंतजार कर रहे छात्र का मोबाइल चोरी

भोपाल, दोपहर मेट्रो

जहांगीराबाद इलाके में कालेज जाने के लिए बस का इंतजार कर रहे एक छात्र का मोबाइल फोन जमीन पर गिर गया, जिसे स्कूटर सवार तीन बदमाश उठाकर भाग निकले। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर लिया है। मार्ग में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

पुलिस के मुताबिक लक्ष रैकवार (19) भोईपुरा बुधवारा में रहता है और निजी यूनिवर्सिटी से बीए एलएलबी सेकेण्ड इयर की पढ़ाई कर रहा है। बीती 12 मार्च की सुबह वह कालेज जाने के लिए घर से निकला था। सुबह करीब सवा सात बजे लक्ष एक्सट्राल तिराहा स्थित पंचर की दुकान के पास खड़े होकर बस का इंतजार कर रहा था। इस दौरान वह किसी से मोबाइल पर बात कर रहा था। बात करने के दौरान लक्ष के हाथ से मोबाइल फोन जमीन पर गिर पड़ा, तभी स्कूटर पर सवार होकर पहुंचे तीन बदमाश उसका मोबाइल उठाकर लाल परेड मैदान की तरफ भाग निकले। डर के कारण उसने यह बात अपने परिजनों को नहीं बताई। मोबाइल को लेकर पिता ने जब उससे पूछताछ की तो उसने चोरी होने की जानकारी दी। उसके बाद परिजन उसे लेकर जहांगीराबाद थाने पहुंचे, जहां छात्र ने मोबाइल चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। चोरी गए मोबाइल की कीमत 15 हजार रुपये बताई गई है।

काम पर जा रहे युवक का मोबाइल लूटकर भागा बदमाश, पुलिस ने किया गिरफ्तार

फाइल फोटो

भोपाल। गौतम नगर इलाके में शुक्रवार सुबह काम पर जा रहे एक युवक के हाथ से स्कूटर सवार बदमाश मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गया। सूचना मिलते ही अलर्ट हुई पुलिस ने इलाके में बदमाश की तलाश शुरू की और स्कूटर नंबर के आधार पर उसे दबोच लिया। आरोपी के खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज बताए गए हैं।

पुलिस के मुताबिक कैंची छोला में रहने वाला सौरभ जाटव करोंद मंडी में हम्माली का काम करता है। शुक्रवार सुबह करीब पांच बजे वह काम पर जाने के लिए घर से निकला था। सौरभ जब छोला अंडर ब्रिज के पास पहुंचा, तभी उसके मोबाइल पर किसी का फोन आया। वह फोन पर बात करते हुए चलने लगा। इसी बीच पीछे से आए स्कूटर सवार एक बदमाश ने उसका मोबाइल छीन लिया और भागने लगा। सौरभ ने दौड़ लगाकर उसे पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन बदमाश भागने में सफल रहा। उसके बाद सौरभ गौतम नगर थाने पहुंचा और घटना की जानकारी दी। उसने बदमाश की स्कूटर का नंबर भी पुलिस को बताया। स्कूटर नंबर के आधार पर पुलिस आरोपी के घर पहुंची और उसे दबोच लिया। पकड़े गए बदमाश का नाम सलमान निवासी आरिफ नगर बताया गया है। पुलिस उससे अन्य वारदातों को लेकर पूछताछ कर रही है।

व्यापारी महासंघ के चुनाव

भोपाल। राजधानी में व्यापारियों की प्रसिद्ध संस्था भोपाल किराना व्यापारी महासंघ रजि. के चुनाव में भोपाल किराना व्यापारी महासंघ के पूर्व अध्यक्ष सुनील पंजाबी ने थोक दाल चावल व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष शीलचंद्र लचक्या को 13 वोट से शिकस्त दी।

एनएलयूआइ के दीक्षा समारोह में 217 विद्यार्थियों को उपाधियां

भोपाल, दोपहर मेट्रो। राष्ट्रीय विधि संस्थान विश्वविद्यालय के 13वें दीक्षा समारोह में न्यायमूर्ति के हाथों डिग्री और मेडल पाकर कानून के विद्यार्थी अभिभूत नजर आए। विवि परिसर में आयोजित दीक्षा समारोह में वर्ष 2023 में उत्तीर्ण हुए 217 विद्यार्थियों को बीए एलएलबी, एलएलएम और एमसीएलआइएस की डिग्री प्रदान की गई। नौ गोल्ड, पांच सिल्वर और एक ब्रांज मेडल भी विशेष प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रदान किए गए। चार गोल्ड और एक सिल्वर मेडल प्राप्त कर दीक्षा भट्ट ओवरआल टापर बनीं।

दीक्षा समारोह में सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति ऋषिकेश राय व विश्वविद्यालय के चांसलर और मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस न्यायमूर्ति रवि मलिमथ के हाथों डिग्री और मेडल पाकर विद्यार्थियों की खुशी का ठिकाना नहीं था। न्यायमूर्ति ऋषिकेश राय ने विद्यार्थियों को कालेज और डिग्री से परे कानूनी जीवन की वास्तविकताओं से अवगत कराया।

रातीबड़ इलाके में देर रात दो हादसे, कोई जनहानि नहीं

खंभे से टकराकर पलटी तेज रफ्तार कार में लगी आग, छह लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला

भोपाल, दोपहर मेट्रो

भोपाल। रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित भदभदा चौकी पर बीती रात एक कार खंभे से टकरा गई। रफ्तार में होने के कारण खंभे से टकराते ही पलट गई और उसमें आग लग गई। घटना के समय कार में छह लोग मौजूद थे। सभी को चोट आने के कारण पुलिस ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। इसी इलाके में एक कार डिवाइडर से टकरा गई। डिवाइडर से टकराने के कारण बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई है।

हालांकि इस हादसे में किसी को चोट नहीं आई है। शाहपुरा और कोलार में रहने वाले दो परिवार गोरेगांव स्थित ब्लू लैगून रिसोर्ट पर डिनर करने गया था। डिनर करने के बाद परिवार स्कोडा कार से घर लौट रहा था। भदभदा चौकी के पास पहुंचते ही कार अनियंत्रित हुई और खंभे से टकरा गई। खंभे से टकराने के बाद कार सड़क किनारे पड़े बड़े से पत्थर में जा घुसी थी। खंभे और पत्थर से टक्कर होने के बाद कार में सभी लोग फंस गए और कार में आग लग गई।

इसी बीच पुलिस को एक्सीडेंट की सूचना मिली थी। पुलिस की टीम इलाके में घूम रही थी। थाना प्रभारी राघवेंद्र सिकरवार ने बताया कि महज पांच से सात मिनट में पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई थी। इसके बाद कार से घायलों को निकाला गया। कार में दो महिलाएं और चार पुरूष थे। एक्सीडेंट में चार लोगों को चोट होने के कारण उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो लोगों को चोट नहीं थी।



फायर ब्रिगेड की टीम ने बुझाई आग

आग की सूचना एक्सीडेंट के बाद फायर ब्रिगेड को भी मिल गई थी। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू कर लिया था। जिस जगह हादसा और आगजनी की घटना हुई, वहीं करीब एक घंटे बाद एक अन्य तेज रफ्तार कार डिवाइडर में जा घुंसी। इस हादसे में कार का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के समय कार में केवल एक युवक था और उसे किसी प्रकार की चोट नहीं आई है।

एबुंलेंस ने युवक को मारी टक्कर, छत पर फंसा रहा युवक

छत पर फंसे युवक को मिसरोद से मंडीदीप तक लेकर पहुंची

भोपाल। मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित निर्मल स्टैट के पास एंबुलेंस ने एक युवक को टक्कर मार दी। टक्कर मारने से युवक उछलकर छत पर गिर गया। इस बात से अंजान एंबुलेंस एंबुलेंस का ड्राइवर निर्मल स्टेट से मंडीदीप तक लेकर पहुंच गया। मंडीदीप में उसे पता चला की छत पर कोई फंसा है। लिहाजा उसने एंबुलेंस रोकी और युवक को नीचे उतारा। युवक को अधिक चोट नहीं थी। एंबुलेंस के ड्राइवर ने उसका इलाज कराया।

पुलिस के अनुसार 35 साल का शैलेंद्र सिंह दांगी नारायण नगर बागसेवनिया में रहता है। उसने पुलिस को बताया कि निर्मल स्टेट के पास से वह बाइक से गुजर रहा था। इस दौरान टवेरा गाड़ी मैं बनी एंबुलेंस ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से शैलेंद्र सैनी उछ्ला और एंबुलेंस के छत पर बने केबिन में फस गया। एक्सीडेंट के बाद डर के कारण एंबुलेंस लेकर भाग रहे चालक को पता नहीं था की छत पर कोई फंसा है। वह निर्मल स्टेट से मंडीदीप तक पहुंच गया। मंडीदीप में उसे पता चला की छत पर कोई फंसा है। उसने एंबुलेंस रोकी और शेलेंद्र को नीचे उतर कर इलाज करवाया। देर रात शैलेंद्र अपनी बाइक लेने लोटा था। पुलिस को उसने लिखित आवेदन दिया कि एम्बुलेंस चालक में उसका इलाज कर दिया है और वह शिकायत करना नहीं चाहता।

कुंडी खोलकर हजारों रुपए कीमत के 3 मोबाइल फोन चोरी

फाइल फोटो

भोपाल, दोपहर मेट्रो

ऐशबाग इलाके में रहने वाले कालेज छात्रों के कमरे की कुंडी खोलकर भीतर घुसे चोर हजारों रुपये कीमत के तीन मोबाइल फोन चोरी कर ले गए। घटना का खुलासा तब हुआ, जब इलाहाबाद से उनका एक दोस्त कमरे पर पहुंचा। बाद में पीड़ित छात्रों ने थाने जाकर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मोबाइल चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के मुताबिक आमिर सोहेल (22) मूलतः जिला मऊ उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। वह यहां अपने दोस्तों के साथ सुपर शादी हाल के पास बाग दिलकुशा में किराए से रहता है और एम. फार्मा की पढ़ाई कर रहा है। साथ में रहने वाला एक दोस्त निजी अस्पताल में नौकरी करता है, जो रोजाना सुबह करीब सात बजे घर से निकलता है। ड्यूटी पर जाते समय वह बाहर से दरवाजे की कुंडी लगा देता है। गुरुवार सुबह दोस्त कुंडी लगाकर अपनी ड्यूटी पर चला गया था, जबकि दो साथी कमरे में सो रहे थे। आमिर का एक और दोस्त अरविंद इलाहाबाद का रहने वाला है और भोपाल से डी. फार्मा की पढ़ाई कर रहा है। सुबह करीब सवा नौ बजे अरविंद उनके कमरे पर पहुंचा और कुंदी खोलकर भीतर जाकर दोनों दोस्तों को जगाया। आमिर और उसके साथी की नींद खुली तो चार्जिंग पर लगे 2 आईफोन और बिस्तर पर रखा एक रियलमी कंपनी का मोबाइल गायब था। फ्लैट में रहने वाले लोगों से पूछताछ के बाद भी जब कुछ पता नहीं चला तो आमिर ने थाने जाकर मोबाइल चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

ऐशबाग इलाके से चोरी हुई मारुति स्विफ्ट कार बैतूल से बरामद, आरोपी की तलाश जारी

भोपाल, दोपहर मेट्रो

ऐशबाग स्थित एक कार डीलर के आफिस के बाहर से चोरी हुई मारुति स्विफ्ट कार को पुलिस ने बैतूल से लावारिस हालत में बरामद कर लिया है। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी का पीछा करना शुरू किया तो बदमाश कार खड़ी कर भाग निकला। कार चोरी करने वाले आरोपी की तलाश की जा रही है।

थाना प्रभारी जितेंद्र गढ़वाल ने बताया कि हनीफ कालोनी करोंद में रहने वाले अनस कुरैशी (32) गुरुनानक काम्पलेक्स ऐशबाग में पुरानी कार खरीदने और बेचने का काम करते हैं। इसी काम्पलेक्स में उनका आफिस है। बीती 11 मार्च की शाम करीब सात बजे अनस कार्यालय बंद कर घर चले गए थे। इस दौरान दुकान के बाहर करीब डेढ़ दर्जन कारें खड़ी थी। इन कारों के रजिस्ट्रेशन कार्ड, एनओसी, इंश्योरेंश के कागजात और कारों की चाबियां आफिस में ही रखी हुई थी। मंगलवार 12 मार्च की सुबह करीब 9 बजे अनस कार्यालय पहुंचे तो शटर के ताले टूटे मिले। अंदर जाकर देखा कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरे, रिकार्डिंग करने वाला डीवीआर, कारों के कागजातों वाला बैग और कारों की चाबियों में एक चाबी कम थी। उन्होंने बाहर निकलकर देखा तो कार्यालय के सामने खड़ी मारुति स्विफ्ट कार गायब थी। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की थी। इसी बीच सूचना मिली कि चोरी की कार बैतूल की तरफ ले जाई गई है। पुलिस ने जब पीछा करना शुरू किया तो आरोपी कार खड़ी कर भाग निकला, जिसे जब्त कर लिया गया है।

फाइल फोटो

मेट्रो एंकर

शुक्रवार दोपहर घर से थी लापता, मानसिक संतुलन बिगड़ने पर परिजन करा रहे थे इलाज

60 साल की बुजुर्ग महिला की कुएं में मिली लाश

भोपाल, दोपहर मेट्रो

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित ग्राम मदनई नलखेड़ा में शनिवार सुबह 60 साल की बुजुर्ग महिला की कुएं में लाश मिलने से सनसनी फैल गई। बुजुर्ग शुक्रवार दोपहर से लापता थी। परिजन उनकी तलाश में कुएं तक पहुंचे थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार विक्रम सिंह गुर्जर गांव मदनई नलखेड़ा, तहसील बैरसिया में रहते हैं। वे किसान है और उनका मकान खेत में ही बना है। उनकी 60 साल की मां गुलाब बाई पति बाबूलाल गुर्जर, का मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ था। परिजन उनका मनौचिकित्सक के पास इलाज भी करा रहे थे। मां अक्सर बिना बताया यहां-वहां चली जाती थी और लौट भी आती थीं। शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे के आसपास आखिरी बार परिजन ने उन्हें देखा था। उसके बाद से ही वह लापता थी। रात में जब वह नजर नहीं आई तो उनकी तलाश की गई, लेकिन उनका कुछ पता नहीं चल सका। शनिवार सुबह परिजन ने एक बार फिर उनकी तलाश की। इस दौरान पता चला कि घर से करीब डेढ़ किलोमीटर पर गोपाल सिंह का कुआं है और वहां मां की चप्पल पड़ी हुई है। अनहोनी की आशंका होने पर परिजन कुएं तक पहुंचे और अंदर झांक कर देखा। अंदर कुएं में मां की साड़ी नजर आई। अनहोनी की आशंका होने पर कुएं में गल डाला गया। इस दौरान मां की लाश गल में फंस गई। उन्हें बाहर निकाला गया और पुलिस को सूचना दी गई।

फाइल फोटो

नीम के पेड़ पर युवक ने लगाई फांसी

भोपाल। बैरागढ़ थाना क्षेत्र स्थित गांव बैरागढ़ कला में एक युवक ने नीम के पेड़ पर फांसी लगा ली। उसकी लाश गैस गोदाम के सामने खाली पड़े प्लाट पर लगे नीम के पेड़ से लटकी मिली। मृतक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के मुताबिक डालचंद पिता जयसिंह सूर्यवंशी (22) बम-बम भोले कालोनी, बैरागढ़कला में रहता था। वह गांव में स्थित इंडेन गैस गोदाम पर हम्माली का काम करता था। शनिवार सुबह गैस गोदाम के सामने स्थित खाली पड़े प्लाट पर लगे नीम के पेड़ उसकी लाश रस्सी के सहारे फांसी के फंदे पर लटकी मिली। आत्महत्या के कारण का खुलासा नहीं हो सका है। उसके कमरे से पुलिस ने बड़ी मात्रा शराब के खाली क्वार्टर बरामद किए है।

फाइल फोटो

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
संपादक आशीष दुबे* आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022